# महिला ने खुद को तमंचे से मारी गोली, मौके पर मौत

## पति के निधन के बाद से मानसिक रूप से रहती थी परेशान, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड ने की जांच

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** एक विवाहिता ने गले में तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। बताया जाता है कि पति की मौत के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

घटना कोतवाली कर्वी अंतर्गत गोकुलपुरी शंकर बाजार निवासी गुड़िया देवी (40) ने सोमवार अपराह्न लगभग ढाई बजे अपने घर में गले में तमंचे से गोली मार ली। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि कई साल पहले पति रज्जू उर्फ सतीश चंद्र तिवारी की मौत हो गई थी और इसके बाद से गुड़िया मानसिक रूप से परेशान रहती थी। आशंका है कि इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को मौके से असलहा (तमंचा) भी मिला है। कोतवाली प्रभारी एके पांडेय ने बताया कि बड़े बेटे ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है।


महिला के बेटे को सांत्वना देते मित्र। अमृत विचार


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### अपने पीछे दो बेटे छोड़ गई

गुड़िया अपने पीछे दो बेटे हर्ष (20) और अमन (18) को छोड़ गई। पिता की पहले मौत होने से दोनों अनाथ हो गए। दोनों अभी अविवाहित हैं। मूल रूप से ऐंचवारा निवासी परिवार की वहां पर खेती है। बताया जाता है कि इसी से ही परिवार का भरणपोषण होता है। हर्ष की बांदा-प्रयागराज रोड पर ऑटो पाट्र्स की दुकान है। वह भाजपा के कार्यक्रमों में भी अपनी भागीदारी करता है।

### तमंचा कहां से आया

घटना के बाद चर्चा इस बात की रही कि गुड़िया के पास तमंचा कहां से आया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतका के बेटों ने बताया कि तीन साल पहले पति की मौत के बाद से मां मानसिक रूप से बीमार रहती थी। तमंचा कहां से आया, इस संबंध में बेटों ने बताया कि इसे वह बक्से में रखती थीं। बताया कि इसकी भी जांच की जा रही है।

### संपत्ति का विवाद तो नहीं है आत्महत्या की वजह

ऐंचवारा में भी परिवार की खेतीबारी बताई जाती है। गांव में इस बात की भी चर्चा है कि आत्महत्या के पीछे संपत्ति का विवाद हो सकता है। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है।

# जिलाधिकारी ने जानीं लोगों की समस्याएं


महिला की समस्या सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार

चित्रकूट, अमृत विचारः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं जानीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को इनके समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्टि होनी चाहिए। अपर उप जिलाधिकारी मो. जसीम भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्टूडेंट्स पुलिस कैडेटों को पढ़ाया सेवा का पाठ

**चित्रकूट, अमृत विचार :** थाना बरगढ़ के एसपीसी एसआई अनिल कुमार मिश्रा ने राजकीय हाईस्कूल मुर्का तथा थाना भरतकूप के एसआई बालकिशुन ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरतकूप में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेटों को वृद्धों, दिव्यांगों की सेवा का पाठ पढ़ाया। छात्राओं को महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी बताया गया।

### गैंगस्टर एक्ट के वांछित को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** थाना पहाड़ी एवं रैपुरा की संयुक्त टीम ने रैपुरा में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित शशिकांत प्रसाद पुत्र जितेंद्र प्रसाद उर्फ जमुना प्रसाद निवासी जोगिया टोला, दिनारा रोहतास (बिहार) को गिरफ्तार किया।

### दो आरोपी दबोचे

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसआई सुरेंद्र कुमार, आरक्षी विक्रम बुद्धसेन, मोनू ने आबकारी अधिनियम के वारंटी लाल बाबू पुत्र बाबूलाल निवासी चिल्लीराकस को गिरफ्तार किया। एसआई शैलेंद्र सिंह ने आबकारी अधिनियम के वारंटी रोशन सोनकर निवासी हनुमानगंज को पकड़ा।

### देशी बम बरामद

**चित्रकूट, अमृत विचार :** कोतवाली कर्वी के एसआई अंशुल कुमार ने रामभवन उर्फ भुवन पुत्र सुखराज यादव निवासी भुईहरी को आठ देशी बमों के साथ गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। टीम में आरक्षी आकाश भी रहे।

# चूंद को हराकर मेहुती टीम ने जीता खिताब

सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** सद्गगुरु मित्र मंडल के तत्वाधान में विद्याधाम स्कूल परिसर में अंतर्राज्यीय वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई। रोचक फाइनल मैच में मेहुती टीम ने चूंद टीम को 2-1 से हरा दिया।

प्रतियागिता में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। इनमें हिरौंदी, तेजीपुर, कर्वी, सीतापुर, एसपीएस, बड़ागांव, बांदा, मझगवां, मेहुती, सरधुआ, चूंद, जैतवारा, चौबेपुर, बिसंडा, मंडौर, मैहर आदि टीमों के खिलाड़ियों ने जोर आजमाइश की। पुरस्कार वितरण श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ. बीके जैन ने किया। शिक्षा समिति की अध्यक्ष उषा बी जैन ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। आयोजन में आरबी सिंह चौहान, राजेंद्र मिश्रा, देवेंद्र सिंह सचान, प्राचार्य शंकर दयाल पांडेय, राकेश कुमार तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, फिरोज हसन खान का सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में धर्मपाल सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, पावन कुमार, सुदामा गुप्ता, डॉ. तुषारकांत शास्त्री, धीरेंद्र वर्मा, रामगोपाल विश्वकर्मा, प्रमोद मरावी रहे।


विजयी टीम को बधाई देते आयोजक व अतिथि। अमृत विचार

# ठीक से पढ़ लें निर्वाचन आयोग के निर्देश: डीएम

## बैठक में दिए निर्देश

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आगामी चुनाव के मद्देनजर सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। अगली बैठक में इसकी जानकारी ली जाएगी।

डीएम ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी प्रत्येक बूथ की व्यवस्थाएं देखें। उन्होंने कहा कि मतदाता भयभीत न हों, इसका ध्यान रखें। बूथों की कमियों की जानकारी समय से दें, जिससे इन्हें दुरुस्त कराया जा सके। उप जिलाधिकारियों तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपस में बैठक करें और सभी जानकारी साझा करें। वरर्नेवुल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों का चिह्नीकरण करें। एसपी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि थानों में विभिन्न प्रकार के धाराओं में निरुद्ध लोगों के बारे में जानें। पुलिस अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मतदान केंद्रों का भ्रमण अवश्य करें। एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया गया है। एएसडीएम मो. जसीम ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी आदि अधिकारी मौजूद रहे।


चुनाव संबंधी बैठक में भाग लेते डीएम, एसपी व सीडीओ। अमृत विचार

### स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट दें

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी से कहा कि वे सभी अधीनस्थ चिकित्सकों को हिदायत दें कि किसी भी दुर्घटना में मौत होने पर परिजनों को स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट दें। डीएम ने सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना से संबंधित प्रकरण, शासकीय कार्यालय के लिए भूमि उपलब्धता के संबंध में बैठक ली। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध रूप से निस्तारित करें। डीएम ने शासकीय कार्यालय एवं भवनो के निर्माण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव आदि रहे।

# श्रद्धालुओं को बताया राम कथा का महत्व

**मौदहा (हमीरपुर), अमृत विचार :** कस्बा स्थित प्राचीन बजरंगबली मंदिर में सम्पन्न हुई श्री रामकथा के आयोजन के दूसरे दिन रामकथा वाचिका ने रामकथा का महत्व बताते हुए कहा कि रामकथा हर समस्या के समाधान की कथा है जिसे हर व्यक्ति को जीवन मे उतारना चाहिए।

कस्बे में बजरंबली सुंदरकांड समिति द्वारा वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमे रविवार को नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ रामकथा का आयोजन गुड़ाही बाजार में शुरू किया गया। श्रीराम कथा के दूसरे दिन अयोध्या से पधारी कथा व्यास माता गौरांगी गौरी ने शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा सुनाते हुए राम कथा की शुरुआत की। कहा कि मानस में वर्णित माता पार्वती और शंकर विवाह की स्तुति मात्र से ही मनचाहा वर प्राप्त करने का सर्वोत्तम उपाय है। इस दौरान शिव व पार्वती के विवाह की कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित महिला, पुरुष भक्त भाव-विभोर हो गए। कथा के दूसरे दिन मौसम का मिजाज खराब होने के चलते रामकथा देरी से प्रारंभ हो सकी जिसके बाद भी सैकड़ों रामभक्त रामकथा का श्रवण करने के लिए मौजूद रहे।

# 42 केंद्रों में 113,225 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा को पारदर्शिता और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। परीक्षा के लिए जिले में कुल 42 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 113,225 परीक्षार्थी भाग्य आजमाएंगे। इस संबंध में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च तक संपन्न होंगी। जिले में हाई स्कूल में 14177 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट में 99048 परीक्षार्थी हैं। चार सचल दलों का गठन किया गया है। इनके अलावा केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। डीएम ने कहा कि किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने डीआईओएस तथा एसडीएम से कहा कि सभी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे, डीवीआर सही तरह से चले। केंद्रों में व्यवस्थाएं भी दुरुस्त रहें। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पूर्व में ही केंद्रों का भ्रमण अवश्य करने के निर्देश दिए। । उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में 100 मीटर की परिधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। एक किलोमीटर के अंतर्गत फोटोकॉपी मशीन संचालन भी प्रतिबंधित है। सुरक्षाकर्मियों के अलावा केंद्रों पर किसी का भी शस्त्र अंदर ले जाना वर्जित है। उन्होंने कहा कि बोर्ड के निर्देशों के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना है। एसपी ने बताया कि केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। डीआईओएस को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में चौकीदारों को रात्रि में भी रोका जाए। नहीं है तो वहां के प्रधानाचार्य किसी कर्मचारी को नामित करें। बैठक में सीडीओ, एडीएम, एएसपी, एसडीएम भी रहे।

## सार-संक्षेप

### सीआईसी में वार्षिक परीक्षाएं शुरू


सीआईसी में परीक्षा देते विद्यार्थी। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह चौहान ने निरीक्षण किया और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। परीक्षा के आयोजन में मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ. रमेश कुमार सिंह चंदेल, परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, विवेक तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला, शंकर यादव, रामबचन सिंह आदि का सहयोग है।

### अधिक बच्चों को ले जाने पर स्कूली वैन का चालान

**मानिकपुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** अधिक छात्रों को ले जाने पर स्कूली वैन का चालान किया गया। बच्चों को दो बार में उनके घर भेजने की व्यवस्था भी पुलिस ने की। छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वाहन चेकिंग कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने देखा कि सैम मॉडल स्कूल के प्राइवेट वाहन में निर्धारित से अधिक बच्चों को ले जाया जा रहा था। इस पर एसओ ने वैन का चालान कर दिया। बच्चों को उतरवा कर दो बार में घर भेजा गया। इसके पहले इन बच्चों को पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रांगण में यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

### लोकेशन बाजों के कारण रात भर जाम रहा नेशनल हाईवे


हाईवे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**हमीरपुर, अमृत विचार :** लोकेशन बाजों की लोकेशन मिलने के बाद हाईवे में ओवरलोड ट्रक को मोड़ते समय हुई घटना के बाद मुख्यालय से लेकर सुमेरपुर कस्बे तक 12 घंटे हाईवे में जाम रहने से हजारों वाहन फंसे रहे। इससे लोग रात भर हलाकान रहे। रविवार को रात करीब 9 बजे एक ओवरलोड ट्रक को लोकेशनबाजों ने लोकेशन दी थी कि मुख्यालय के समीप हाईवे में अधिकारियों की टीम वाहनों को चेक कर रही है। सूचना मिलने पर ट्रक चालक बालू भरे ओवरलोड ट्रक को चन्दौखी मोड़ के पास कंजौली डेरा को गई सड़क पर ट्रक को मोड़कर सुमेरपुर कस्बे की तरफ लौटने की कवायद करने लगा। इसी आपाधापी में कबरई की तरफ से आ रहे ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया और इसका एक टायर फट गया। इससे हाईवे में जाम लग गया। दूसरी घटना सुमेरपुर फैक्टरी एरिया के समीप हुई। यहां ओवरटेक के चक्कर में दो ट्रक भिड़ गए। इससे यहां भी जाम लग गया। इसी बीच बारिश शुरू होने से जाम का झाम लगातार बढ़ता गया। नेशनल हाईवे के पेट्रोलिंग ऑफिसर ललित सिंह की टीम रात भर जाम खुलवाने में जुटी रही। लेकिन जाम का झाम सुबह 10 बजे के बाद ही खत्म हो सका। जाम में रोडवेज बसों के साथ एंबुलेंस, बारातें आदि भी फंसी रही। हाईवे के अधिकारियों का आरोप है कि जाम खुलवाने में पुलिस ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने अपने संसाधनों से खराब वाहनों को हाईवे से हटवा कर जाम खुलवाया है।

### तीन युवकों की मौत से सदमे में परिवार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** मुंबई में रोजी रोटी की तलाश में नगर के मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के मोहम्मद आजम, सफी अहमद उर्फ छोटकउ व सईद अली काफी अरसे से वहीं रहकर फल व सब्जी का ठेला लगाकर व्यापार करते थे। मोहल्ले वालों के अनुसार तीनों युवक काफी मिलनसार व व्यवहारिक प्रवृति के थे। तीनों युवकों की एक साथ मौत होने की खबर ने सबको सन्न कर दिया। उधर भैरवनाथ पुरवा में स्थित इन युवकों के घरों पर तो कोहराम सा मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।मृतक सफी के परिजनों ने बताया कि सफी की मिटटी मुंबई में ही होगी। कुछ परिजन व रिस्तेदार मुंबई गए हुए हैं। वहीं अन्य दो युवकों के परिजन शव लाने के प्रयास में लगे हैं। फिलहाल घटना की खबर आने के बाद से पूरे मुहल्ले में रोने चिल्लाने से कोहराम सा मचा हुआ है। रिस्तेदारों व मिलने वालों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)




**अमृत विचार :** हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे चालक की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर घायल को समय से अस्पताल न पहुंचाने को लेकर जिला अस्पताल के गेट पर शव रखकर हंगामा किया।

सोमवार को बांदा जिले के बदौसा थानांतर्गत तुर्रा गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रामकिशोर किसी काम से कर्वी आ रहा था। हाईवे पर रसिन मोड़ के पास उसने कार से नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। गश्त मोबाइल पार्टी ने घायल को शिवरामपुर सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गईं। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने में देरी का आरोप लगाते हुए शव को अस्पताल के गेट पर रखकर हंगामा किया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि आरोप गलत हैं।

### ... नहीं खुला एंबुलेंस का गेट, थम गईं बच्ची की सांसें

एंबुलेंस का गेट नहीं खुला और इसका लाक तोड़कर बीमार बच्ची और परिजनों को बाहर निकाला गया। जब तक बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया जाता, उसकी सांसें थम चुकी थीं। यह दुखद मामला विकासखंड पहाड़ी क्षेत्र के रमयापुर का है। यहां के निवासी लवलेश शुक्ला की 12 वर्षीया बेटी शशि, जो पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमयापुर में कक्षा आठ की छात्रा थी, की तबीयत शुक्रवार रात में अचानक खराब होने पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि यहां चिकित्सकों ने उसका बिना इलाज किए प्रयागराज रिफर कर दिया गया। अचानक प्रयागराज ले जाने की बात सुनकर परिजनों के हाथपैर फूल गए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से प्रयागराज जाने के लिए एंबुलेंस मंगाई। जैसे तैसे इसकी व्यवस्था की गई। बताया जाता है कि एंबुलेंस खटारा थी। प्रयागराज के रास्ते में मरीज की हालत और खराब देखकर वाहन में मौजूद वार्ड ब्वाय ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में दिखाने की सलाह दी। आरोप यह भी है कि अस्पताल में एंबुलेंस का दरवाजा खुला ही नहीं। देर मशक्कत के बाद लॉक तोड़कर मरीज और तीमारदारों को निकाला गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने छात्रा को देखा और मृत घोषित कर दिया, इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदहाली पर लोगों ने रोष जताया है। मृतका के चाचा सुनील कुमार शुक्ला, जो सीआईसी में हिंदी प्रवक्ता हैं, ने बताया कि वह प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बदहाल चिकित्सा व्यवस्था की शिकायत करेंगे। अस्पताल के जिम्मेदारों का पक्ष नहीं जाना जा सका।

# फाइनल में गुजरात ने आगरा को हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा

**मौदहा (हमीरपुर), अमृत विचार :** परछा में चल रहे तीन दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में शहरी टीमों के बीच मुकाबले खेले गए। जिसमें सभी टीमों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर दर्शकों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। फाइनल मुकाबले में गुजरात ने आगरा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

तीन दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता को कमेटी ने दो संस्करणों में विभाजित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले का पहला मैच बांदा हॉस्टल व गुजरात के बीच खेला गया जिसमें गुजरात ने बांदा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में आगरा की टीम ने गोरखपुर को चारो खाने चित कर फाइनल में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के साथ मुकाबले को शुरू कराया। विशिष्ट अतिथि स्वर्ण पदक विजेता हसन सिद्दीकी ने सर्विस मारकर मैच को शुरू कराया। फाइनल में गुजरात ने आगरा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रेफरी अजय चंदेल व अमरजीत सिंह रहे।

## आयोजन

### श्री रामरत्नेश्वर शिवालय का वार्षिक पाटोत्सव आस्थापूर्वक संपन्न

# हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल हुए तीर्थक्षेत्र के साधु-संत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** परमहंस संत रणछोड़दास की कर्मस्थली जानकीकुंड के श्री रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में श्री रामरत्नेश्वर महादेव का वार्षिक पाटोत्सव आस्थापूर्वक मना। सोमवार माघ वदी, दशमी को हुए इस द्वितीय आयोजन के समापन अवसर पर हुए हवनयज्ञ की पूर्णाहुति में तीर्थक्षेत्र के साधु-संत शामिल हुए।

समापन कार्यक्रम में प्रातःकाल ट्रस्टी डॉ. बीके जैन एवं उषा जैन ने गौरी-विनायक की पूजा-अर्चना की। विधिविधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद रुद्रयज्ञ में पहुंचे गुरुभाई बहनों, विद्यार्थियों, आचार्यों एवं सद्गुरु परिवार के सदस्यों ने आहुति दी। पूर्णाहुति में धर्मनगरी के साधु-संत भी सम्मिलित हुए। महाभोग अन्नकूट के बाद आरती की गई। इसके बाद भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आचार्य अनिल त्रिपाठी ने वेदों के विधि विधान से पाटोत्सव समारोह को संपन्न कराया।


हवन में पूर्णाहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार


वार्षिक पाटोत्सव के अवसर पर की गई पूजा-अर्चना। अमृत विचार

### फ्लाईओवर बनने की जगी उम्मीद

**सुमेरपुर(हमीरपुर), अमृत विचार :** सरकार ने बजट में फ्लाईओवर बनाने के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इससे बांदा मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग में फ्लाईओवर बनने की उम्मीद जगी है। क्योंकि रेलवे विभाग पूर्व में ही इस मार्ग में फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेज चुका है। प्रदेश सरकार ने बजट में फ्लाईओवर निर्माण के लिए 1000 करोड़ का प्रावधान किया है। कस्बे के बांदा मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग स्टेट हाईवे 134 बबेरू तिंदवारी सुमेरपुर मार्ग में फ्लाईओवर बनाने की मांग अर्से से हो रही है। रेलवे ने प्रस्ताव पूर्व में ही सरकार के पास भेजा था। बजट जारी होने से स्टेट हाईवे पर फ्लाईओवर बनने की उम्मीद है।

**एक नजर**

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** कमासिन थाना क्षेत्र के कुम्हेढ़ा सानी गांव निवासी शिवनायक (75) पुत्र रजवा शनिवार को निमंत्रण में शामिल होने गड़ौली चित्रकूट गया था। रविवार की शाम वह साइकिल से घर लौट रहा था। तभी ओझा नगर के पास वह गश खाकर गिर पड़ा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र समरजीत ने बताया कि वह किसानी करता था।

### कर्मचारियों की लापरवाही से लाइनमैन घायल

**नरैनी, अमृत विचार :** कालिंजर पावर हाउस के पीछे खेत पर बरकतुल्लाह के ट्यूबवेल का जम्फर बनाने गए लाइनमैन रमेश कुशवाहा ने पावर हाउस का सटडाउन लिया। एसएसओ अर्जुन सिंह ने कालिंजर का सटडाउन न देकर मसौनी का सटडाउन दिया। बरकत ने ट्यूबेल के खंभे पर जैसे ही जम्फर को पकड़ा वैसे ही जोरदार करंट लगा और वह नीचे गिर गया जिससे पैर में फ्रेक्चर हो गया। लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र नरैनी ले गए वहां से प्राथमिक उपचार के बाद बांदा के लिए रेफर कर दिया।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** शहर के सिविल लाइन स्थित उनके आवास में सोमवार को पूर्व विधायक एवं बुंदेलखंड राज्य निर्माण संघर्ष समिति के संस्थापक देवकुमार यादव की 12वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान अनेक राजनीतिक दलों, संगठनों एवं संभ्रांत नागरिकों, अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सपा महिला सभा प्रदेश महासचिव किरन यादव, बुंदेलखंड निर्माण संघर्ष समिति अध्यक्ष व अधिवक्ता अतुल यादव, रामराज यादव, प्रमोद आजाद, गोरेलाल विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र प्रताप यादव, रावेंद्र यादव, द्वारिकेश यादव, डा.राकेश पाल, डा.संतोष यादव, संदीप त्रिपाठी, चंद्रभवन वर्मा, दुर्गा प्रसाद यादव, जयकरन सिंह, चंद्रशेखर आदि उपस्थित रहे। डा.रामचंद्र यादव सरस ने उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए प्रतियां भी वितरित की। उनके पुत्र अतुल यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बारिश के साथ ओलावृष्टि से दलहनी व तिलहनी फसलें चौपट

## पश्चिमी विक्षोभ से बिगड़ा मौसम का मिजाज, रबी की फसल को भारी नुकसान

## बुंदेलखंड में आज भी 80 फीसदी फसल उत्पादन प्रकृति पर निर्भर

कार्यालय संवाददाता, बांदा


बारिश के बाद फसल का जायजा लेने खेत पहुंचे किसान।

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम पलट जाने से बीती रात बुंदेलखंड में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। कुछ इलाकों उपलवृष्टि भी हुई है, जिससे एक ओर ठंड में इजाफा हो गया और दूसरी तरफ रबी की फसल चना, मसूर और सरसों की फसल में अधिकांश फूल झड़ जाने से भारी नुकसान बताया जा रहा है। हालांकि गेहूं की फसल को इस बारिश से लाभ है।

बुंदेलखंड में आज भी तकरीबन 80 फीसद किसान अपने खेतों में फसल उत्पादन के लिए पूरी तरह से प्रकृति पर ही निर्भर है। खेतों में सिंचाई के लिए उन्हें वर्षा के देवता इंद्र की मिन्नतें करनी पड़ती हैं या फिर आसपास के बड़े किसानों के ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ता है। इन किसानों के पास कृषि के अलावा कोई दूसरा व्यवसाय नहीं है। इसलिए खेती में घाटा लगने पर कहीं से भरपाई भी संभव नहीं हो पाती, जिसकी वजह से उन्हें अपने बड़े खर्चों में कटौती करना पड़ता है। इन हालातों में किसी किसान के बच्चे पढ़ने नहीं जा पाती तो किसी किसान को अपनी बेटी के हाथ पीले करने को अगले साल तैयार होने वाली फसल तक इंतजार करना पड़ता है। इस वर्ष भी पश्चिमी विक्षोभ के चलते कुदरत के रूठ जाने से एक बार फिर बुंदेली किसान उसी बर्बादी की राह पर कदम रख चुका है। यहां के किसानों को समय से बारिश न होने के कारण पहले बुआई के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा और जब बुवाई हो गई तो समय पर पलेवा के लिए बारिश नहीं हुई। अब जब रबी की फसल चना, मसूर और सरसों फूल रही है तो बारिश हो रही है, जिससे इन फसलों में लगा फूल झड़ रहा है। बिना फूल के इन फसलों में फल आने की संभावना भी खत्म हो रही है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ.प्रमोद कुमार का कहना है कि तापमान में परिवर्तन व बदली के कारण तिलहनी फसल सरसों व अलसी में माहू कीट के प्रकोप की सम्भावना रहती है। इसलिए किसान भाई अपने खेतों की नियमित निगरानी करते रहें। तिलहनी फसलों में माहू कीट के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोरपिड 17.8 प्रतिशत एसएल एवं क्लोरोपाइरीफास 20 प्रतिशत विकासखण्ड में स्थित कृषि रक्षा इकाइयों में उपलब्ध है। योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ही मिलेगा। किसानों को सलाह दी कि इस रसायन की मात्रा 500 से 600 मिली लीटर प्रति एकड़ 250-300 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। कृषक भाई इस रसायन को क्रय करते हैं तो उन्हें इस रसायन पर 50 प्रतिशत की छूट डीबीटी के माध्यम से कृषक के खाते में भेज दिया जायेगा। कृषक भाई इस रसायन का प्रयोग माहू कीट के नियंत्रण के लिए समय से करते हुए अधिक से अधिक उत्पादन लें और योजना का लाभ उठायें।


रविवार की रात उनके इलाके में बारिश के साथ आफत के ओले भी पड़े, जिसकी वजह से चना, मसूर और सरसों का अधिकांश फूल झड़ गया है। जिससे उनके क्षेत्र में रबी की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इन हालातों में छोट और मध्यमवर्गीय किसानों को साल भर का खर्च भी निकाल पाना मुश्किल होगा।
**–अभिषेक तिवारी**, पदारथपुर


बुंदेलखंड में खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है। कुदरत का मिजाज समझ में न आने से साल दर साल लाभ की जगह नुकसान की संभावनाएं बढ़ रही हैं। कभी समय से बारिश नहीं होती तो कभी बेमौसम बरसात कृषि का गणित बिगाड़ कर रख देती है। इस बारिश से अधिकांश फसल को नुकसान होगा।
**–बालेंद्र द्विवेदी**, मोहनपुरवा


इस बार रबी की फसल में किसानों को भारी घाटे का सामना करना पड़ेगा। सरकार ने इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये की बढ़ोत्तरी की है, जो नाकाफी है। बेमौसम बरसात के कारण जो घाटा होगा उसकी भरपाई कहीं से भी संभव नहीं है। सरकार को सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए।
**–वीरेंद्र सिंह**, भूरागढ़


बारिश से दलहन व तिलहन को 50 से 60 फीसद का नुकसान हो गया। बारिश से गेहूं की फसल को फायदा है, लेकिन इससे पहले तकरीबन एक माह तक लगातार कोहरे के कारण गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। जिसकी वजह से इस बार गेहूं का दाना पकने की स्थिति में आने तक काफी पतला हो जाएगा।
**–संकटा प्रसाद त्रिपाठी**, पिस्टा

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य के घर से चोरी हुआ डंफर

**▸▸ मुकदमा दर्ज, पुलिस कर रही जांच पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता, बांदा


चोरी हुआ डंफर।

**अमृत विचार:** पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता दलपत सिंह के घर के बगल में खड़ा उनका डंफर चोरी हो गया। पीड़ित की ओर से उनके मैनेजर ने थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अभी मामले की जांच पड़ताल की बात कह रही है।

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य दलपत सिंह के मैनेजर अमन तिवारी पुत्र विद्याविशाल तिवारी निवासी पचनेही ने थाना कोतवाली देहात में तहरीर देकर बताया है कि भाजपा नेता की फर्म जय मां काली टायर्स का एक डंफर गुरेह के रामगुलाम का पुरवा स्थित फर्म के प्रोप्राइटर दलपत के घर के बगल में खड़ा था। एक फरवरी की रात में करीब एक बजे अज्ञात चोरों ने डंफर चुरा लिया और डंफर सहित फरार हो गए। प्रोप्राइटर दलपत सिंह समेत उनके साथियों और कर्मचारियों ने डंफर ढूंढने की खूब कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मैनेजर की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पुलिस ने धारा 379 का मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जिले में 64 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य

**▸▸ जिलाधिकारी ने गड्ढों की खुदाई के दिए निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, बांदा


संबंधित अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में तकरीबन 64 लाख वृक्षों के वृक्षारोपण किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गड्ढों की खुदाई कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने के लिए ठोस अपशिष्ट पदार्थों एवं मेडिकल वेस्ट तथा मैटेरियल वेस्ट का उचित प्रबन्धन सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को करने के लिए प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि नदी एवं नालों में प्रदूषित जल का शोधन करने के बाद ही प्रवाहित किया जाए।

उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ाये जाने के लिए नदियों के किनारे 5 किलोमीटर के आसपास बिना रसायनयुक्त खादों का प्रयोग कर खेती कराये जाने के सम्बन्ध में कृषि विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में गंगा ग्राम समितियों का गठन करने तथा अपशिष्ट पदार्थों के प्रबन्धन के लिए सभी आरसीसी सेन्टरों को संचालित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने करिया नाले एवं निम्नी नाले को बायोरेमिडेशन के कार्य को कराये जाने के सम्बन्ध अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बांदा को निर्देश दिये।

उन्होंने गौ आधारित प्राकृतिक खेती को भी प्रत्येक विकास खण्ड में दस-दस कलस्टर बनाकर संचालित करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला वनाधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**सार-संक्षेप**

### दबंगों ने रोका रास्ता, अनशन पर बैठा परिवार


अशोक लॉट के नीचे अनशन बैठे परिवारीजन।

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** आपसी विवाद के चलते बनसखा गांव में दबंगों ने एक परिवार का रास्ता रोक दिया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि वह रास्ता उनकी अपनी ही जमीन से ही होकर निकला है। जिसको लेकर वे तीन माह पहले अनशन पर बैठे थे। प्रशासन ने आश्वासन देकर अनशन खत्म करवा दिया। न्याय न मिलने पर पीड़ित परिवार ने जिला मुख्यालय में एक बार फिर अनशन शुरू कर दिया है। दबंगई के चलते तहसील नरैनी थाना गिरवां के बनसखा गांव के एक परिवार को उनकी अपनी ही जमीन से निकले रास्ते से आवागमन पर रोक लगा दी गई है। विवाद का निस्तारण न हो पाने के कारण परिवारीजन तीन माह पहले अनशन पर बैठे। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने मामले का जल्द निस्तारण का आश्वासन देकर अनशन तोड़वा दिया, लेकिन विवाद आज भी जस का तस बना हुआ है। आज भी परिवारीजनों को उनकी जमीन पर बने रास्ते से निकलने नहीं दिया जा रहा, जिसको लेकर परिवार के लोग चंद्रपाल, माया देवी, गीता, सदाबाई, राकेश और प्रीतम प्रसाद सोमवार को कचहरी के पास स्थित अशोक की लॉट के नीचे अनशन पर बैठ गए। उनका कहना है कि अब जब तक इस विवाद का पूरी तरह से निस्तारण नहीं हो जाता वे अनशन खत्म नहीं करेंगे।

### समाज में मानसिक रूप से विकृत बच्चों की देख-रेख का अभाव



बैठक को संबोधित करती अर्चना मिश्रा। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान चित्रकूट व कैलाश सत्यार्थी चिल्डेन फाउण्डेशन के सहयोग से जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ बैठक का आयोजन एक होटल में किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हमारा समाज मानसिक रूप से विकृत बच्चों के प्रति संवेदनशील नहीं है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञानेश्वर प्रसाद ने मई 2023 से 31 जनवरी 2024 तक किए गए कार्यो का प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्चना मिश्रा ने बताया कि बच्चों के साथ हो रहे अपराध व सभी मुद्दे बहुत ही संवेदनशील हैं। बच्चों की देख–रेख व संरक्षण के अभाव में बाल विवाह, बाल तस्करी व बाल यौन शोषण के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। इन समस्याओं के समाधान के लिए हमें समुदाय के साथ संवाद को बढ़ाना होगा। शिक्षा विभाग से आए धर्मराज ने बताया कि जिले के प्रत्येक स्कूल व कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम व शपथ को बढ़ाना होगा। बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्चना मिश्रा, सदस्य जिला प्रोवेशन कार्यालय अम्बरीश श्रीवास्तव, काउंसलर अनीता वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रामफल यादव, शिक्षा विभाग से धर्मराज, अधिवक्ता विद्याधर पटेल व ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान चित्रकूट के परियोजना निदेशक श्रवण कुमार ने मंच को साझा किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान चित्रकूट के विनोद कुमार, योगेश प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, ज्ञानेश्वर प्रसाद, शिवकुमार, सन्तोष बाबू, सन्तोष कुमार वर्मा, ललता देवी व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में 14 छात्र-छात्राएं बीमार

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** रविवार रात हुई बारिश से मौसम में एक बारगी परितर्वन हो गया है। मौसमी परिवर्तन से बीमारियां बढ़ने लगी है। सर्दी, खांसी और बुखार के अलावा निमोनिया व उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। सोमवार को अस्पताल खुलने से पहले मरीज पर्चा बनवाने के लिए काउटंर के बाहर लाइन में खड़े हो गए। इसके बाद मरीज डॉक्टरों के चेंबरों के बाहर खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सर्दी, जुखाम और बुखार की चपेट में आने से नवोदय विद्यालय के 14 छात्र–छात्राएं बीमार हो गईं। इन्हें जिला अस्पताल लाया गया। इनमें शरद (16), यशराज (15), अक्षत (16), पीयूष (16) शामिल हैं। जबकि अन्य विद्यार्थियों ने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया। इस संबंध में जिला अस्पताल प्रभारी सीएमएस व वरिष्ठ बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके गुप्ता ने बताया कि मौसमी परिवर्तन से बीमारियां बढ़ रही हैं। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे निमोनिया और डायरिया से ग्रसित होकर आ रहे है। उन्होंने लोगों को आगाह किया है कि बदल रहे मौसम में ऐहितियात बरतें।

# अपने क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण करें सभी अफसर


बैठक करती जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**▸▸ जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति/निपुण भारत मिशन की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति/निपुण भारत मिशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रेरणा प्रणाली के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित अधिकारी प्रत्येक दशा में अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण अवश्य करें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं सफाई व्यवस्था व भवन की स्थिति तथा विद्युत आपूर्ति को अवश्य चेक करते हुए रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत नगर पंचायत बिसण्डा/ओरन में कक्षा-कक्ष में टायलीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कमासिन में एकेडमिक ब्लाक के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के लिए कार्यदायी संस्था यूपीसिडको को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महुआ के अवशेष कार्य को 15 दिनों में पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रिन्सी मौर्य, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधान सभावार प्लान तैयार कर करें चुनाव की तैयारी: आयुक्त

**▸▸ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयुक्त व डीआईजी ने किया मण्डी समिति का स्थलीय निरीक्षण**

कार्यालय संवाददाता, बांदा


नक्शे का अवलोकन करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल व पुलिस उप महानिरीक्षक ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति का स्थलीय निरीक्षण किया। मंडलीय अधिकारियों ने मण्डी समिति में चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम व नक्शे का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान पार्टियों की रवानगी एवं वापसी, स्ट्रांग रूमों की तैयारी एवं मतगणना की तैयारी विधान सभावार प्लान तैयार कर की जाए। आयुक्त ने दुकानों/टीन शैडों की रगाई-पुताई के साथ ही मरम्मत मण्डी समिति में साफ-सफाई के निर्देश दिए।

आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सोमवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल भी उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने मण्डी समिति पहुंचकर जनपद के अंतगर्गत आने वाली 232-तिंदवारी, 233-बबेरू 234-नरैनी एवं 235-बांदा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम व मतगणना पण्डालों का स्थलीय निरीक्षण किया। मतगणना स्थल स्ट्रांग रूम के नक्शे का भी अवलोकन उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अधोहस्ताक्षरी द्वारा कराया गया। इस अवसर पर आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल ने निर्देश दिए कि विगत निर्वाचन में की गयी व्यवस्थाओं को देखकर ही लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए मतदान पार्टियों की रवानगी एवं वापसी, स्ट्रांग रूमों की तैयारी एवं मतगणना संबंधी सभी व्यवस्थाओं का विधानसभावार प्लान तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित कराये। कार्मिकों एवं मतदान अभिकर्ता के आने-जाने के रास्ते एवं विधान सभावार भारी एवं हल्के वाहनों की पार्किंग के लिए समुचित व्यवस्था का प्लान तैयार कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाएं। मण्डी समिति की दुकानों/टीन शैडों की रगाई-पुताई एवं मरम्मत आदि का कार्य जितनी जल्दी संभव हो करा लिया जाये।

# पुलिस टीम ने बरामद किए 25 लाख रुपये कीमत के 125 फोन

**▸▸ पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने बरामद मोबाइल फोन स्वामियों को सौंपे, एसपी ने पूरी पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का दिया ईनाम**

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** साइबर क्राइम, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त टीम ने लगभग 25 लाख रुपये कीमत के खोए हुए 125 मोबाइल फोन को बरामद कर लिए। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ने बरामद मोबाइल फोन स्वामियों को सौंपे। एसपी ने पूरी पुलिस टीम को 25 हजार रुपये ईनाम दिया। लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय समेत सभी थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस, सर्विलांस सेल व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मोबाइल फोन बरामदगी के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर साइबर क्राइम पुलिस थाना, सर्विलांस व एसओजी की सयुंक्त पुलिस टीम ने कठिन परिश्रम करते हुए खोए हुए 125 अदद विभिन्न कंपनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल फोन को बरामद करने में सफलता पाई। बरामद किए गए कुल मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ने बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सौंपे। खोये मोबाइल फोन वापस पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खुशी के चमक उठे। उन्होंने पुलिस के प्रति आभार जताया। खोए मोबाइल फोन बरामद करने टीम में साइबर क्राइम थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी राधाकृष्ण तिवारी, ललित नारायण मिश्रा, रजनीश वर्मा, विश्ववीर सिंह, अश्वनी प्रताप सिंह, आशीष शर्मा, कमल सिंह सेंगर, अमित कुशवाहा, मनीष कुमार मिश्र, अमित त्रिपाठी, प्रतीक यादव, सूर्यांश श्रोत्रिय, अनिल कुमार, अंकित सिंह, हिमांशु वर्मा और महिला कांस्टेबिल ज्योति उपाध्याय शामिल रहीं।

**चुनाव** चार पदों के लिए मैदान में हैं 17 प्रत्याशी, आधा दर्जन पदों के लिए 18 का निर्विरोध निर्वाचन तय

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव आज, 12 बूथों पर 1412 मतदाता डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, बांदा


अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए प्रचार करते प्रत्याशी।

**अमृत विचार:** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में 1412 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चार पदों के लिए 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इल्डर्स कमेटी ने मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। अध्यक्ष पद पर मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है। जबकि महासचिव पद पर सात प्रत्याशियों के बीच घमासान रहेगी।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में मंगलवार को अध्यक्ष व महासचिव समेत चार पदों के लिए 17 प्रत्याशियों के लिए मतदान होगा। चुनाव के दौरान 1412 मतदाता अधिवक्ता वोट डालेंगे। एल्डर्स कमेटी पदाधिकारियों ने चुनाव की तैयारियां पूरी कर लीं। 12 बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ में 120 मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदान स्थल पर प्रत्याशी सिर्फ वोट डालने ही जा सकेंगे। इसके अलावा सभी प्रत्याशी और उनके एजेंट बाहर से ही जायजा ले सकेंगे। पीठासीन अधिकारी समेत तीन सदस्य हरेक बूथ की जिम्मेदारी संभालेंगे। अध्यक्ष पद के लिए अशोक दीक्षित, धनराज सिंह और द्वारिका यादव मंडेला के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। महासचिव पद के लिए रामप्रकाश शिवहरे 'राजा', शिवविलाश सोनी, मनोज निगम 'लाला', गोविंद प्रसाद त्रिपाठी, राममिलन सिंह, यदुनाथ सिंह गौतम व राजेश कुमार त्रिपाठी 'सोनू' के बीच संघर्ष है। कोषाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार कटरा, सुनील कुमार वर्मा, जयप्रकाश विश्वकर्मा, बृजेश कुमार द्विवेदी और धीरेंद्र सिंह राठौर चुनाव मैदान में हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार सिंह और दिनेश कुमार 'भूरागढ़' के बीच कांटे की टक्कर है। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दो सामान्य उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव प्रकाशन, संयुक्त सचिव पुस्तकालय, वरिष्ठ सदस्य व कनिष्ठ सदस्य पदों पर एक-एक प्रत्याशी होने से निर्विरोध निर्वाचन तय है। उधर, एल्डर्स कमेटी अध्यक्ष अशोक अवस्थी समेत वरिष्ठ सदस्यों की देखरेख में चुनाव कराया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष ने कहा है कि अधिवक्ताओं को मतदान के समय पहचान पत्र साथ लाना होगा। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मतदान और उसके कुछ ही देर बाद मतगणना होगी। 7 फरवरी को संघ सभागार में परिणामों की अधिकृत घोषणा के साथ विजयी अधिवक्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उधर, पूर्व संध्या पर संघ चुनाव में प्रत्याशियों ने पूरा दिन कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं से संपर्क कर वोट मांगे। देर रात तक दावतों और दावों का सिलसिला चलता रहा।

### 48 अधिवक्ताओं ने किया पोस्टल बैलेट

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदाता अधिवक्ताओं ने पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डाले। इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि दो दिनों में कुल 48 अधिवक्ताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। पहले दिन रविवार को 17 और दूसरे दिन यानि सोमवार को कुल 31 मतदाता अधिवक्ताओं ने मतदान किया। जिला अधिवक्ता संघ में कुल 1460 अधिवक्ता मतदाता हैं। दो दिनों में 48 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मंगलवार को होने वाले मतदान में 1412 अधिवक्ता मतदान करेंगे।

# शिविर में एक सैकड़ा से ज्यादा मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण


रोगी का स्वास्थ्य परीक्षण करती डॉक्टर।

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** विश्व एड्स दिवस पर नेत्र ज्योति जांच और पेट रोग विशेषज्ञ व सर्जन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमासिन में डीपीएमआई कौशल केंद्र नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ट्रेनिंग सेंटर अतर्रा पैरामेडिकल एण्ड वोकेशनल इंस्टीट्यूट के साथ अपोलो टेली क्लीनिक के सौजन्य से शिविर लगा। नेत्र चिकित्सक डा.प्रमोद कुमार ने 20 नेत्र रोगियों की जांच करते हुए इलाज की सलाह दी। डॉ.अदिति श्रीवास्तव ने गरीब महिला एवं पुरूष को पेट, गैस, बबासीर, हार्निया और गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 36 पर्चे कटे। इसमें नर्सिंग एवं इंस्टीट्यूट की ओटी पेशेंट केयर और एमएलटी छात्राओं के सहयोग से निरूशुल्क शिविर सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पीएचसी अधीक्षक डा. हेमंत समेत चिकित्सक डा.राहुल द्विवेदी मौजूद रहे। इंस्टीट्यूट डायरेक्टर डॉ.रमाकांत द्विवेदी ने बताया कि आकांक्षात्म विकास खण्डों पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, नेत्र ज्योति जांच डेंटल हाईजीन और आयुष चिकित्सा परामर्श एवं कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परामर्शदाताओं के साथ शिविरों का आयोजन आकांक्षात्मिक विकास खंडों में किया जाएगा।

## एक नजर

### तमंचे के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मुस्करा।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर हमीरपुर रोड सिद्धिविनायक रेस्टोरेंट के पास तमंचा लिए घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन ने बताया कि रविवार को उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश पांडे, कांस्टेबल वेद प्रकाश और अनुज ने युवक को घेर कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का श तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मंगल (20) पुत्र डालचंद्र अहिरवार निवासी ग्राम महजौली थाना मझगंवा बताया है। बताया आरोपी मंगल के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा है।

### पुलिस ने दो को दबोचा

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना पुलिस ने पुरैनी गांव के नाथूराम को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सभाजीत सिंह पटेल ने बताया कि विद्युत अधिनियम के मामले का वारंटी था। वहीं रहटिया तिराहा से दुर्गेश निवासी खड़ेही लोधन थाना मुस्करा को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है।

### मंडलायुक्त कार्यालय में पेंशनरों की होगी सुनवाई

**हमीरपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा के की अध्यक्षता में एक मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे उनके कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों/ कर्मचारियों के लंबित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई पूर्व की भांति आयोजित की जाएगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र/ प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूट धाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 12 फ़रवरी तक प्राप्त कराए जा सकते हैं। पेंशन अदालत से संबंधित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त कराएंगे।

### केबल बाक्स फुंकने से नहीं हुई जलापूर्ति

**सुमेरपुर।** रविवार की रात बारिश होने से कस्बे के 33/11 केवी विद्युत सबस्टेशन में केनाल फीडर का केबल बाक्स फुंक गया। जिससे इसकी आपूर्ति ठप हो गई। सुबह मौसम खुलने पर इसको ठीक करने का काम शुरू हुआ। शाम तक आपूर्ति आने की संभावना है। अन्य फीडरों में फाल्ट आने से कई घंटे आपूर्ति ठप रही। इससे सुबह कस्बे के साथ ग्रामीण क्षेत्र की जलापूर्ति नहीं हो सकी और लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए परेशान रहे। सुबह बारिश थमने के बाद मरम्मत कराकर आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जा रही है।

### छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

**राठ।** सिकन्दरपुरा मोहल्ला निवासी शिवप्यारी कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली नातिन आकाशी के साथ रहती थी। आकाशी पुत्री सियाराम कस्बे के जीआरवी इंटर कालेज में पढ़ती थी। रविवार की रात आकाशी ने आंगन में लगे जाल के सहारे साड़ी से फांसी लगा ली। परिजनों ने जब देखा तो तब तक उसकी मौत हो गई। छात्रा के पिता सियाराम राजपूत ने बताया कि वर्तमान समय में वह अपने परिवार के साथ कस्बे के जलालपुर रोड़ मोहल्ले में अपने दूसरे मकान में रह रहे थे। बताया कि उनकी सबसे बड़ी पुत्री आकाशी अपनी दादी शिवप्यारी के साथ कस्बे के सिकंदरपुरा में पुराने मकान में रहती थी। छात्रा की मां सुनीता सहित अन्य सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# बीडा के गठन से नोएडा बनेगा बुंदेलखंड

**हमीरपुर, अमृत विचार।** सरकार ने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन की घोषणा की है। इसमें क्षेत्र में औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना है। अगर ऐसा संभव हुआ तो कस्बे की उद्योग नगरी के विकास में चार चांद लगना तय है।

बजट में सरकार ने बीडा का गठन करके नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा की तरह बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास करने की घोषणा की है। मौजूदा समय में बुंदेलखंड के हमीरपुर में सुमेरपुर, जालौन के उरई में, बांदा के भूरागढ़ में तथा चित्रकूट के बरगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित हैं। इनमें झांसी, उरई, सुमेरपुर में ही कुछ उद्योग मुख्य रूप से चल रहे हैं। बांदा एवं चित्रकूट में औद्योगिक इकाई नगण्य जैसी हैं। बीडा के गठन के बाद उम्मीद है कि बुंदेलखंड की इन उद्योग नगरी का कुछ कायाकल्प होगा। साथ ही अन्य जिलों में भी औद्योगिक इकाइयां खुलने का मार्ग प्रशस्त होगा। सुमेरपुर कस्बे के उद्यमी जगदीश शर्मा, मनोज गुप्ता, मेहर कुमार निगम, लालजी द्विवेदी, संजय मुद्गल आदि ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय काबिले तारीफ है। सरकार की इस घोषणा के बाद जल्द ही बुंदेलखंड औद्योगिक हब बनेगा।

# ओलावृष्टि से मटर-मसूर की फसल को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

▶▶ किसानों ने बारिश से सिर्फ गेहूं की फसलों को फायदा होने की उम्मीद जताई

**अमृत विचार।** रविवार की रात रिमझिम बरसात के साथ ओले गिरने से मटर, मसूर की फसल खेतों में पसर गई है। किसानों को आशंका है कि इन दोनों फसलों में अच्छा खासा नुकसान हुआ है। हालांकि इस बारिश से किसानों ने गेहूं की फसलों को फायदा होने की उम्मीद जताई है।

रविवार की रात कुदरत ने जमकर कहर बरपाया। रात में शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रुक-रुक कर जारी रहा और सुबह जाकर थमा। रात करीब पौने दो बजे बारिश के साथ अचानक ओलो की बरसात होने लगी। 10 मिनट में पूरी धरा सफेद नजर आने लगी। ओला का आकार छोटा होने से बड़ा नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन किसानों को आशंका है कि मटर मसूर में अच्छा खासा नुकसान हुआ है। इन फसलों का उत्पादन घट सकता है। सोमवार को सुबह भी जमकर बारिश हुई। साथ ही दिनभर बादलों की आवाजाही से किसान सहमा रहा और आकाशीय घटनाक्रम से किसान भयभीत दिखाई दिया।


बारिश से खेतों में पसरी पड़ी मसूर की फसल। अमृत विचार

पौथिया प्रतिनिधि के अनुसार रविवार को पौथिया सहित उजनेड़ी, शिकरी, सहुरापुर, ललपुरा, कलौलीजार, स्वासा आदि गांवों में दिन में धूप नहीं निकली। दिन भर बूंदाबांदी के साथ-साथ तेज हवाएं चलती रही। रात्रि में बादल गड़गड़ाहट के साथ जोरदार वर्षा के साथ-साथ ओले गिरे। जिससे किसान रात भर सो नहीं सके। सोमवार को भोरे होते ही किसान फसल देखने के खेत पहुंचे। लेकिन सुबह से रिमझिम बारिश तो कहीं तेज वर्षा जल जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा।

किसान रामसजीवन, धीरेंद्र, बलराम, रामप्रकाश, जगदीश सचान, आशादीन रामप्रसाद रामगोपाल शिवप्रसाद राम खिलावन बाबू जी सचान ने बताया वर्षा केवल गेहूं की फसलों को छोड़कर अन्य सभी फसलों के लिए नुकसानदायक है। किसानों ने बताया पिछले एक माह से पड़ रहे कोहरे के कारण मटर, मसूर, चना, सरसों आदि फसलों की हालत ख़राब हो चुकी है। बारिश और ओले से ऐसा लगता है लागत मूल्य निकलना मुश्किल पड़ सकता है। बेमौसम बारिश से किसान दुखी है।

# दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव शुरू

## ▶ डीएम व पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सोमवार से दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की शुरूआत हो गई। जिलाधिकारी, एसपी व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि तथा चेयरमैन ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उन्होंने परेड में लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर जानकारियां ली। वहीं जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने वाटर बोट में बैठकर यमुना नदी में सैर

पर्यटन विभाग द्वारा जनपद में दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को शहर स्थित परेड ग्राउंड में प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी एवं चेयरमैन कुलदीप निषाद ने किया। इस मौके पर पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, निर्वाचन, खादी ग्राम उद्योग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने एसपी व जनप्रतिनिधियों के साथ यमुना नदी में स्टीमर में


कल्पवृक्ष में योगासन करते अधिकारी व अन्य लोग।


परेड ग्राउंड में स्टाल का निरीक्षण करते डीएम व अन्य। अमृत विचार


मेंहदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।



यमुना नदी में वोटिंग का लुत्फ उठाते डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

बैठकर नौका विहार का लुफ्त उठाया। उन्होंने बताया की इस महोत्सव में बुंदेलखंड के गौरव के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

वहीं देर शाम को पुलिस परेड मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उधर महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम योग एवं अन्य गतिविधियों के तहत प्रातः प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व छात्र छात्राओं ने कल्पवृक्ष परिसर में योग कर महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस महोत्सव में हेरिटेज वॉक, पेटिंग, रंगोली, मेहंदी एवं पतंगबाजी प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान समारोह एवं दीपदान, खेल प्रतियोगिताएं, वाटर स्पोर्ट्स, क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, टेथर्ड फ्लाइट, लोक नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रात में स्थानीय कलाकारों व बुंदेलखंडी कलाकारों द्वारा परेड ग्राउंड में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

## सार-संक्षेप

### क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में बच्चों ने खाई कृमि नाशक दवा


छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक दवा का वितरण करते टीचर। अमृत विचार

**राठ।** उरई रोड स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा एलवेंडाजोल खिलाई गई। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल रामेश्वर दयाल ने बताया कि सरकार की गाइड लाइन के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक 270 बच्चों को एलवेंडाजोल की दवा खिलाई गई। प्रिंसिपल ने बताया कि इस दवा के खाने से बच्चों के पेट में मौजूद कीड़े। खत्म हो जाते हैं। जिससे कि बच्चा स्वस्थ्य रहता है। इस दौरान बच्चों ने भी बड़े उत्साह के साथ दवा का सेवन किया।

### पुलिस ने माल सहित दो चोरों को दबोचा

**कुरारा।** कस्बा के वार्ड नंबर तीन निवासी देशराज पुत्र नत्थू ने पिछले 16 जनवरी की रात चोरों ने घर से नगदी व जेवरात चोरी कर ली थी। पीड़ित ने थाने में चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को मुखबिर ने पुलिस को बताया कि दो संदिग्ध लोग बिलौटा तिराहे पर खड़े हैं। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर इनके पास से एक बाइक, दो 315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस, 1000 रुपये व एक जोड़ी पायल बरामद किए। आरोपियों ने अपना नाम वीरेंद्र उर्फ कालू निषाद पुत्र रामकृपाल निवासी भगत तालाब कस्बा कुरारा व दूसरे ने अपना नाम ध्रुव सिंह पुत्र स्व रूप सिंह वार्ड नंबर चार कस्बा कुरारा बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### चोरों ने मकान का ताला तोड़ उड़ाए लाखों के जेवरात व नकदी

**राठ।** यूको बैंक के पास रहने वाले ब्रजेंद्र साहू पुत्र सिद्ध गोपाल साहू निवासी वीरा हाल मुकाम दीवानपुरा ने बताया कि रविवार को उनके वीरा गांव निवासी चंद्रप्रकाश साहू की पुत्री आकांक्षा की जालौन में शादी होनी थी। घर का ताला लगाकर परिजन शादी में गए थे। आधी रात के बाद चोरों ने मेनगेट का ताला तोड़ अंदर घुस आए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़ उसमें रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोरों ने कमरे में रखे अन्य सामान को बिखरा दिया। ब्रजेंद्र साहू ने बताया कि चोरों ने अलमारी में रखे 38 हजार रूपए नकद और सोने की कंठी, सोने की झुमकी, सोने के बाला, 5 सोने की अंगूठी, ब्रजबाला, सोने की जंजीर समेत चांदी का बिछुआ और अन्य सामान ले गए। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया घटना की जांच करा कार्रवाई की जा रही है।

### लापता युवक का शव खेत में दफन मिला

**राठ।** मझगवां थाने के इटौरा गांव का निवासी मानसिंह 40 पुत्र रामकुमार बीते चार दिनों से गायब था। परिजनों द्वारा काफी तलाशने के बाद भी जब युवक का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने मझगवां थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। रविवार को लापता चल रहे मानसिंह का शव राठ कोतवाली के इकठौर गांव निवासी उत्तम पुत्र भानसिंह के खेत में गड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची राठ और मझगवां पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। मृतक के परिजनों ने बताया कि इकठौर गांव निवासी एवं ग्राम प्रधान के चचेरे भाई उत्तम पुत्र भान सिंह ने मानसिंह की हत्या कर उसके शव को अपने खेत में ही गाड़ दिया है। बताया की हत्यारोपी उत्तम अपने पूरे परिवार के साथ फरार है। परिजनों ने बताया कि मानसिंह खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सीओ सरीला आशीष कुमार यादव ने बताया की खेत मालिक उत्तम सिंह के द्वारा फसल के रख-रखाव हेतु खेत के चारों तरफ करंट लगाया गया था। जिससे मृतक करंट वाले तारों के संपर्क में आ गया व जलकर मृत्यु हो गई। खेत मालिक के द्वारा शव को छुपाने के उद्देश्य से शव को मिट्टी से ढक दिया गया था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि खेत मालिक जिसके द्वारा लापरवाही पूर्वक करंट वाली तार लगाई गई है। जिससे उनके परिजन मान सिंह की मृत्यु हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी अहिल्या देवी, 11 वर्षीय पुत्र सक्षम और 16 वर्षीय पुत्री मानवी सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है।


मान सिंह।

### जानलेवा हमले के मामले में तीन को दस-दस साल की जेल

**हमीरपुर।** सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश तिवारी ने बताया कि मौदहा थाना क्षेत्र के कस्बा मोहल्ला मराठीपुरा निवासी पीड़ित नाथूराम ने 31 जनवरी 2011 को दी तहरीर में बताया था कि मोहल्ले से लगे गांव फत्तेपुर निवासी मुन्ना उर्फ रामकुमार, कृष्णकांत उर्फ बच्चा, भीम व विनोद विद्यालय आने जाने वाली लड़कियों के साथ छेड़खानी कर उन्हें परेशान करते थे। साथ ही स्थानीय दुकनदारों से हफ्ता वसूली करते थे। बताया कि अपना एक गिरोह बना रखा था। जिससे मोहल्ले के लोग इनकी हरकतों से भयभीत थे। बताया कि उसके पुत्र शिवनायक व उसके साथी आशीष शर्मा व दीपू सिंह ने कई बार इनकी हरकतों का विरोध किया। जिससे उक्त लोग इनसे बुराई मानते थे। बताया कि 29 जनवरी को पौथिया निवासी अजीत सचान का शादी का निमंत्रण उसे व आशीष एवं दीपू का भी था। जहां जाने के लिए उसका पुत्र शिवनायक, आशीष व दीपू रात आठ बजे गाड़ी मालिक गब्बू के यहां जा रहे थे। रास्ते में रामशरण सिंह को चलने के लिए बुलाने लगे। तभी हरिशंकर नाई के मकान के पास रास्ते में उनके चिल्लाने की आवाजें आईं। जिसे सुनकर वह व रामशरण सिंह दौड़कर पहुंचे तो देखा कि फत्तेपुर निवासी रामकुमार उर्फ मुन्ना, कृष्णकांत उर्फ बच्चा, भीम व विनोद अपने हाथों में कुल्हाड़ी व डंडा लिए उसके पुत्र को मार रहे थे। उनके ललकारने पर धमकी देते हुए भाग गए। जिसका इलाज कानपुर में चलता रहा है। पुलिस ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का मामला उक्त चारों लोगों पर दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दो भाइयों रामकुमार उर्फ मुन्ना, कृष्णकांत उर्फ बच्चा सहित भीम को 10-10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर आठ हजार का अर्थदंड लगाया है। जबकि एक आरोपी विनोद की मुकदमा दौरान मौत हो गई। अदालत ने क्षतिपूर्ति के रूप में 10 हजार की धनराशि पीड़ित पक्ष को दिए जाने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।



### बुंदेलखंड महोत्सव में शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**मौदहा।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से विकास खंड के पाटनपुर में आयोजित शहीदों की याद में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने की। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गजोधर कुशवाहा, रघुवर कुटार, सूरज भान शर्मा, मनबोधन सिंह गौतम सहित अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी राजेश चंद्र, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह, खण्ड विकास अधिकारी नवनीत आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित


स्वतंत्रता सेनानी के आश्रितों को सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख व चेयरमैन। अमृत विचार

**कुरारा, अमृत विचार।** बुंदेलखंड महोत्सव के तहत विकासखंड परिसर में शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय विकासखंड परिसर में शहीदों की याद में बुंदेलखंड महोत्सव मनाया गया। जिसकी शुरुआत ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर शुभारंभ कराया। महोत्सव में जीआईसी, एचएस कान्वेंट इंटर कॉलेज, जीआईसी के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अंग वस्त्र व शील्ड देखकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रज किशोर गुप्ता, चैयरमैन आशा रानी कबीर, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक आदि मौजूद रहे।

# महोत्सव में भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान


सम्मान समारोह के दौरान मौजूद भूतपूर्व सैनिक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी। अमृत विचार

**राठ, अमृत विचार।** जराखर गांव में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव संपन्न कराया गया। समारोह में 37 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व 12 भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गोहांड ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया ने कहा कि इस तरह की कार्यक्रमों का आयोजन होने से हमें हमारी संस्कृति पहनावा व महान हस्तियां से रूबरू होने का मौका मिलता है। विशिष्ट अतिथि एसडीएम विपिन शिवहरे ने कहा की हमारी संस्कृति व महान हस्तियां ही हमारी पहचान हैं। इस दौरान जराखर गांव के 29, इटैलिया बाजा गांव के 6 व धनौरी गांव के दो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अलावा 12 भूतपूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह दे साल पहना कर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, बुंदेलखंडी नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम कर जमकर वाहवाही लूटी।

## खेलकूद

इचौली महोत्सव में चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता के फाइनल में इचौली को हरा बरौर ने जीती ट्रॉफी

**मौदहा, अमृत विचार।** इचौली के चौधरी पहलवान सिंह इंटर कालेज में चल रहे इचौली महोत्सव में आयोजित चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंतिम दिन सोमवार को हुए फाइनल मैच में बरौर ने इचौली को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता में पहले सेमीफाइनल मैच बरौर व गोयरा ए के बीच खेला गया। जिसमें बरौर ने गोयरा को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में इचौली ने सजेती को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच इचौली और बरौर के बीच पांच सेट में खेला गया। जिसमें बरौर पहला सेट 25-18 से जीता और दूसरा सेट इचौली टीम बरौर से 25-23 से जीता। तीसरा व चौथा सेट बरौर ने इचौली को हराकर प्रतियोगिता जीती। रेफरी शिवकुमार गुप्ता व ब्रजराज सिंह, कमेंटेटर महेश गर्ग व डॉ.इंद्रवीर सिंह, स्कोरर शैलेन्द्र सिंह, गणेश कुमार ने निभाई। आयोजक पूर्व विधायक युवराज सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए कहा प्रतियोगिता में एक वर्ष ग्रामीण व एक वर्ष शहरी क्षेत्र की टीमें आती हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का हौसला बढ़ता है। पूर्व एमएलसी जयवंत सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष रणवीर सिंह, प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव, इंद्रजीत सिंह नन्ना, ऋषि राज सिंह, रविकरणसिंह, शिवकुमार गुप्ता, गंगादीन वर्मा प्रधान इचौली, प्रधान सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।


विजेता टीम को ट्रॉफी देते पूर्व विधायक युवराज सिंह। अमृत विचार


दंगल में दांव पेच दिखाते पहलवान। अमृत विचार

### अयोध्या के बजरंगी ने राजस्थान के राजेश को पटकनी दी

**मौदहा।** इचौली महोत्सव में अंतिम दिन चौधरी पहलवान सिंह की स्मृति में विराट इनामी दंगल का आयोजन हुआ। पूर्व सदर विधायक युवराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित दंगल में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी जयवंत सिंह ने अयोध्या के बजरंगी पहलवान व राजेश राजस्थान से आए पहलवानों को हाथ मिलवाकर दंगल शुभारम्भ कराया। दंगल में बजरंगी अयोध्या ने राजस्थान के राजेश को पटकनी दी। हरियाणा के आकाश ने नेपाल के राजेंद्र को, शीलू मथुरा ने पंजाब के शेरा को, विवेक हरियाणा को मथुरा के राजेश, हमीरपुर के हुकुम सिंह मथुरा व माधव पहलवान की कुश्ती बराबर रही। साईं हरियाणा ने सन्नी रोहतक को हराया।

# स्वास्थ्य शिविर में अधिवक्ताओं ने कराया चेकअप

**हमीरपुर।** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.गीतम सिंह ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जनपद न्यायालय सभागार में आयोजित कराया। अपर जिला जज/सचिव गीतांजलि गर्ग ने बताया कि शिविर में काफी संख्या में न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्ताओं ने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं पर चिकित्सकों से परामर्श लिया और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डा.सीपी गुप्ता चिकित्साधिकारी, डा.अनीता राज महिला चिकित्साधिकारी, आदित्य सचान स्टाफ नर्स, अमित कुमार त्रिपाठी, एलटी संजीव त्रिपाठी, चिकित्साधिकारी, रेखा, चतुर्थ श्रेणी, अरुण कुमार उपस्थित रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### घर में घुसकर दबंग ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**कुलपहाड़ महोबा।** मंदिर से पूजा कर घर पहुंचे व्यक्ति को गांव के ही एक दबंग द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर दी, तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के कमालपुरा निवासी रामचंद्र पुत्र जयनारायण तिवारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि जब वह मंदिर से पूजा कर जैसे ही घर पहुंचा था, तभी गांव के एक दबंग ने आकार मेरे साथ बुरी बुरी गाली देने लगा, और कहने कि तू हनुमान मंदिर बरकछा में पूजा पाठ करता है। माइक भी बजाता है। प्रार्थी ने जब गाली देने से मना किया, तो व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर सुनकर मेरा भाई हरिश्चंद्र व अन्य लोगों ने आकर बीच बचाव किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर दबंग व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

### भेड़ी डांडा गांव में कलश शोभायात्रा निकाली गई

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के भेड़ी डांडा गांव में माहेश्वरी माता मंदिर से शतचंडी महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हरिद्वार व प्रयागराज से पधारे महा नागा संतों के आगमन से शोभायात्रा की शोभायमान रही। विधि विधान से कलश पूजन किया गया। शोभायात्रा में बालिकाएं व महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। कलश यात्रा में एक दर्जन डीजे व एक सैकड़ा से अधिक घोड़े ढोल की थाप पर थिरकते चल रहे थे। बेतवा नदी किनारे स्थित 22 वीं सिद्ध शक्ति पीठ स्थान मां महेश्वरी माता मन्दिर से शुरू हुई कलश यात्रा का समापन गांव भ्रमण के बाद यज्ञ स्थल पहुंचने पर हुआ। यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिकिशन द्विवेदी ने बताया कि नौ दिवसीय यज्ञ में दिन में कथा वाचक श्री राम कथा व रात्रि में राम जन्म से लेकर रावण बध तक रामलीला व 11 फरवरी की रात्रि में जागरण का कार्यक्रम होगा। 14 फरवरी को विशाल भंडारा होगा।

# रात में हुई बारिश रबी फसल के लिए संजीवनी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**किसानों को मिली राहत**

- सिंचाई के अभाव में सूख रही फसल बारिश के बाद लहलहायी किसानों के चहरे खिले

**अमृत विचार।** रविवार की रात को हुई झमाझम बारिश के चलते जहां सर्दी ने जोर पकड़ लिया, वहीं खेतों में सूख रही रबी फसल को पानी मिलते ही लहलहाने लगी है। समय से खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिल जाने से किसानों का हजारों रुपये का डीजल बच गया है। किसान कुओं और नहरों से सिंचाई करने की तैयारी कर रहा था, लेकिन अचानक रात में हुई ठीक ठाक बारिश से गेहूं, जबा, चना फसल के लिए यह बारिश संजीविनी बन गई है।

गौरतलब है कि नवम्बर माह में सिंचाई के लिए खोली गई नहरों को बंद कर दिया गया था, जिससे किसानों को जुताई बुवाई के बाद सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा था। किसान यूनियन के बैनर तले तमाम किसानों ने नहरों को खोले जाने के लिए धरना प्रदर्शन भी किया था, इसके अलावा कुलपहाड़ क्षेत्र के किसानों ने एडीएम को ज्ञापन देकर नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की थी, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे रबी की फसल मुरझाने लगी थी।

रविवार की रात को करीब नौ बजे से अचानक शुरू हुई बारिश रात ग्यारह बजे तक होती रही, इसके बाद रुक रुक तक तड़के सुबह तीन बजे तक बारिश हुई, जिससे खेतों में ठीक ठाक सिंचाई हो जाने से किसानों ने राहत की सांस ली। किसान इस बारिश से खासा गदगद है, वहीं बारिश से मटर में लग रही सुड़ी भी झड़ गई, इससे मटर की फसल भी लहलहाने लगी है। हालांकि नीचाई इलाकों में जगह जगह पानी भर जाने से लोगों को असुविधा का भी सामना करना पड़ा।



खेत में लहलहाती फसल।

**बारिश के साथ बिजली ने भी रुलाया**

बारिश के साथ ही अचानक बिजली लाइन में खराबी आ जाने के कारण रात में कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को बारिश के मौसम में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं रात में कई बार बिजली आने जाने से भी लोगों को असुविधा हुई। सोमवार को दिन में भी बिजली की अव्यवस्था के चलते इलेक्ट्रानिक कारोबार प्रभावित रहा। फोटोकापी, आरा मशीन, बैल्डिग मशीन का कार्य भी ठप रहा, जिससे दुकानदार सारा दिन हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे।

# मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन



सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता

- पीएम को समाजसेवियों ने संबोधित ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि को सौंपा

**महोबा।** कोरोना काल के समय सरकारी मेडिकल कॉलेज ही काम आए है, समय समय पर महामारी स्वरूप बदल कर आती रहती है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कालेज योजना के अन्तर्गत अभी तक महोबा मेडिकल कॉलेज का निर्माण अछूता है। बुंदेलखंड सबसे आर्थिक रूप से पिछड़ा है, उसमे सबसे कमजोर महोबा जिला है, महोबा आल्हा ऊदल जैसे सूर वीरो की नगरी गुरु गोरखनाथ जी की तपोस्थली जहां भगवान राम जी ने वनवास काटा था।

ऐसे पौराणिक ऐतिहासिक महत्व वाले महोबा जिले में घोषणा के बाद भी मेडिकल कालेज का निर्माण आज तक नहीं कराया गया, जिससे महोबा जिला के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, किसान, चंद्रशेखर स्वर्णकार, केशव शुक्ला, राजकिशोर त्रिपाठी, राजकिशोर तिवारी, मुकीतुर्रहमान, अमित तिवारी, भारत विशाल शुक्ला सहित तमाम समाजसेवियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि महोबा की आर्थिक स्थिति किसी से छुपी नहीं है महोबा मेडिकल कालेज जिसकी लगभग लागत 250 करोड़ तय है, लेकिन मेडिकल कालेज का निर्माण धनाभाव के चलते शुरू नहीं हो पा रहा है।

ज्ञापन में बताया कि 16 व 17 जनवरी 2024 को महोबा ट्रामा सेंटर 200 बैड हॉस्पिटल निर्माण के लिए 134 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। देखा जाएं तो सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए अब शेष 116 करोड़ ही और चाहिए उसके लिए सर्वप्रथम आवश्यक है। पीपीपी माडल की जगह सरकारी मेडिकल कॉलेज की संशोधित अनुमति केबिनेट से मिले।साथ ही महोबा डिस्ट्रिक मिनरल फंड से निर्माण की अनुमति मिले 116 करोड़ जिले के ही खनिज राजस्व से निकासी की अनुमति भी। सादर मां प्रधानमंत्री जिसके लिए महोबा जनपद का बच्चा बच्चा सहित व्यापारी अधिवक्ता समाज के साथ साथ पूरा महोबा सदैव आपका ऋणी और आभारी रहेंगे।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों की रही भारी भीड़, मौके पर निस्तारण

## एसपी ने एक एक फरियादी को बुलाकर समस्याओं को गंभीरता से सुना

कार्यालय संवाददाता, महोबा




जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याएं सुनती एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस कार्यालय में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के मौके पर फरियादियों की भारी भीड़ जुटी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने दूर दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और समस्याओं का निराकरण किए जाने का आश्वसन फरियादियों को दिया साथ ही सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आने वाले फरियादियों की समस्याओं का पहले थाना स्तर पर निस्तारण करे, जो समस्या का निस्तारण न हो सके तो उसे जिला मुख्यालय भेजे।

जनसुनवाई कार्यक्रम के मौके पर दूर दराज से आए फरियादियों को एक एक कर बुलाया और उनकी समस्याओ को गंभीरता से सुना। कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए संबन्धित थानों में भेज दिया गया साथ ही थानाध्यक्षों को फरियादियों की समस्याओं का मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए और फरियादियों को संतुष्ट करने पर भी जोर दिया गया। एसपी ने कहा कि फरियादी दूर दराज से बड़ी उम्मीद के साथ आता है। जिससे फरियादियो का जनसुनवाई कार्यक्रम के प्रति विश्वास बढ़ सके।

सपी ने मौके पर जाकर निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर वैधारिक तरीके से शिकायत का निस्तारण पर जो दिया। उन्होंने कहा कि इसमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

**महोबा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचपहरा में एक युवक ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। जवान बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम पचपहरा निवासी मुकेश कुमार पुत्र रामसहाय 25 ने अपने कमरे में रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। परिजनों को काफी देर तक घटना की जानकारी नहीं हो सकी थोड़ी देर बाद परिजन उसके कमरे में गए, जहां पर उसका शव लटका देखकर उनके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर सबको नीचे उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# असंतुलित होकर बाइक सड़क पर गिरी दो घायल

महोबा कार्यालय

**अमृत विचार।** लमोरा बेलाताल मार्ग में सड़क पर खड़े होकर वीडियो बना रहे दो युवकों के पिछलने से पीछे आ रही बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया जिससे वह सड़क पर गिर गया, बाइक के गिरते ही बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयपुर में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। विकासखंड जैतपुर के ग्राम लमोरा निवासी अखिलेश 24 पुत्र नारायण दास अपने साथी फूलचंद 28 पुत्र बालकिशन निवासी लामोरा के साथ बाइक से बेलाताल गया था शाम को दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे तभी बेलाताल सड़क पर दो युवक वीडियो बनाते हुए पीछे चलते जा रहे थे इस बीच पीछे से आए बाइक सवार अखिलेश की बाइक में उसका हाथ लगने से बाइक सवार संतुलन को बैठा और बाइक समेत नीचे गिर गया। सड़क पर गिरने से अखिलेश और उसका साथी फूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गया।

दोनों घायलों को सी एचसी बेलाताल ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल महोबा भेज दिया गया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

# सड़क हादसे में कार सवार चालक की मौत, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**सड़क हादसा**

- बाइक सवार युवक की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए किया रेफर

**अमृत विचार।** श्रीनगर चरखारी मार्ग में ग्राम पवा के पास कार असंतुलित हो जाने से तीनों सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जिससे कार चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, एक की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचानामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनपद ललितपुर मुख्यालय निवासी मनोज कुमार अहिरवार अपने दो साथियों के साथ कार से वाया श्रीनगर होते हुए चरखारी में एक रिश्तेदारी के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, रात में करीब नौ बजे ग्राम पवा के पास कार असंतुलित होकर पलट गई, जिससे बाइक चालक मनोज कुमार, अरविंद और मनोज पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। रात में सन्नाटा होने के कारण काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। लिंक रोड में दुर्घटना होने से आवागमन कम होने से लोगों की नजर उन पर नहीं पड़ी, काफी देर बाद किसी राहगीर के निकलने पर उसने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कार चालक का खून अधिक बह जाने के कारण डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बाइक सवार अरविंद को नाजुक हालत में मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया और मनोज पाल की मरहम पट्टी के बाद उसकी छुट्टी कर दी गई। दुर्घटना से कार बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई। सोमवार को पुलिस ने शव का पंचनाम किया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक क परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। मनोज कुमार की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महोबा।** बाइक और स्कूटी में टक्कर होने से बाइक सवार पुलिस कर्मी गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी लाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल और वहां से मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। जनपद जालौन निवासी आशुतोष कुमार पुत्र संतोष कुमार पुलिस लाइन महोबा में तैनात है। बाइस से वह किसी कार्य से जा रहा था, तभी गौरहारी रोड चरखारी के समीप सामने से स्कूटी सवार लोगों का संतुलन बिगड़ गया और सामन से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पुलिस कर्मी गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी चरखारी में भर्ती कराया, लेकिन हालत में सुधार न होने से डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने स्कूटी सवार लोगों सहित स्कूटी को हिरासत में ले लिया है।

## सार-संक्षेप

### मेहनत दूसरे कर्मचारियों के लिए बनेगी प्रेरणा



फूल माला पहनकर स्वागत करते कर्मचारी।

**जैतपुर महोबा।** एडीओ आईएसबी के स्थानांतरण पर ब्लॉक सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित समस्त लोगों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी, और निरंतर आगे बढ़ने की कामना की। विकासखंड जैतपुर में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी के पद पर तैनात अनिल पाठक का स्थानांतरण जनपद बांदा होने पर सोमवार को विकासखंड के कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम में समस्त उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों ने अनिल पाठक के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए बताया कि इनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा है यह गैर विवादित रहे हैं और हर किसी कर्मचारी की मदद की। उनके कार्यकाल को हमेशा याद किया जाएगा। ग्राम पंचायत अधिकारी अर्चना गुप्ता ने कहा की इनके द्वारा हम लोगों को उचित मार्गदर्शन समय समय पर प्राप्त होता रहा है और कहीं भी कोई दिक्कत आई तो आपके द्वारा तत्काल समाधान किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने कहा कि आप जहां पर जाएंगे वहां पर आप अपनी छाप छोड़ेंगे क्योंकि आप एक कर्मठ व्यक्ति है और अपने कार्य को सही रूप से करने में पारंगत है। एडीओ की मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य दूसरे कर्मचारियों के लिए प्रेरणाश्रोत रहेगा।अंत में अनिल पाठक ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप लोगों का भी मुझे बड़ा सानिध्य व सहयोग प्राप्त हुआ है निश्चित रूप से विकासखंड जैतपुर के कर्मचारियों व अधिकारियों में कार्य करने की अपार क्षमताएं हैं आप लोग अपनी क्षमताओं का प्रयोग कर विकासखंड के विकास में अहम भूमिका निभाएं। इसी के साथ ही उन्होंने अपने अभी तक के जीवन के अनुभव भी साझा किये और अंत में भावुक होकर सभी का पुनः आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अरविंद अरजरिया, हीरालाल बनाफर, रविंद्र पटेरिया, सूरज सिंह यादव, बीवी पटेरिया, अखिलेश कुमार, महेश बाबू, जुबेर बाबू ,संतोष आदि लोग मौजूद रहे

### व्यापारी विदेशी मटर मंगाकर बाजार में लाने की तैयारी में जुटे

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बुंदेलखंड को भले ही दाल का कटोरा कहा जाता है। लेकिन यहां दाल का अभाव नई फसल आने के पूर्व ही खड़ा हो गया है। मांग अधिक होने के कारण व्यापारी विदेशी मटर मंगाकर बाजार में दाल खपाने की तैयारी कर रहे हैं। बुंदेलखंड को दलहन उत्पादन का हब माना जाता है। लोग इसको दाल का कटोरा भी कहते हैं लेकिन दाल के कटोरा से दाल गायब होने पर यहां के व्यापारी अब बुंदेलियों को विदेशी दाल परोसने की तैयारी कर चुके हैं। नवीन गल्ला मंडी की फर्म वीके पल्सेज एवं आरबी ट्रेडर्स ने 42 .42 टन कनाडा से मटर मंगाया है। इस विदेशी मटर से दाल एवं बेसन तैयार करके बाजार में उतारने की तैयारी है। वीके पल्सेस के संचालक विपिन कुमार ने बताया कि बाजार भाव 4800 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने मटर का सौदा ई नेम पोर्टल प्री एराइवल स्लिप के माध्यम से एग्रो क्राप इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड से किया था। सौदा होने के बाद भुज के कच्छ बंदरगाह से मटर यहां भेजा गया है। भाड़ा आदि मिलाकर यह मटर बाजार भाव में ही पड़ा है। अब इसकी दाल और बेसन को व्यापारी बाजार में उतारने की तैयारी में जुट गए हैं। इस तरह से बुंदेलखंड के लोग अब विदेशी मटर की दाल का स्वाद चखेंगे।

# दबंग ने ममेरे भाई को मारी गोली, झांसी रेफर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



जिला अस्पताल में पूछताछ करती पुलिस।

**अमृत विचार।** मामूली विवाद को लेकर एक दबंग ने ममेरा भाई को अवैध तमंचे से गोली मार दी, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद दबंग तमंचा लहराता हुआ भाग गया, इसके बाद आसपास के लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने आनन फानन में उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक और कोतवाली प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से पूछताछ कर जल्द से जल्द अभियुक्त को गिरफ्तार किए जाने का आश्वासन दिया।

थाना श्रीनगर के ग्राम ज्यौरइया निवासी अवधशरण उर्फ विनोद यादव काफी दिनों से ग्राम सिजवहा में रह रहा है, जहां पर उसका ममेरा भाई जनपद छतरपुर के थाना लवकुश नगर के ग्राम गिलवां निवासी देवशरण आया हुआ था। दोनो लोगों ने रविवार की रात को खानपान से पहले शराब का सेवन किया। शराब पीने के दौरान दोनो लोगो में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, बाद में विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर देवशरण ने अवधशरण उर्फ विनोद को तमंचा निकालकर गोली मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े, लेकिन दबंग तमंचा लहराता हुआ वहां से भाग गया। हमलावर के हाथ में तमंचा देखकर लोग उसे पकड़ने का साहस नहीं जुटा सके, जिससे वह बेफिक्र होकर फरार हो गया। हमलावर के भाग जाने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने विनोद को खून से लथपथ हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक को गोली मारने जाने की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बावत पूछताछ की। इधर युवक की हालत बिगड़ती देख डाक्टरों ने रात में ही उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

# बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में कार्यक्रम का किया गया आयोजन



मोबाइल वितरित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

## फोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**कार्यालय संवाददाता, महोबा।** विकासखंड कबरई के पचपहरा गांव में स्थित बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को मोबाइल वितरित किए गए। मोबाइल पालक छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। छात्र छात्राओं को मोबइल वितरित करने के साथ साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। अक्सर महाविद्यालय से गायब रहने वाले छात्र भी सोमवार को मोबाइल वितरण कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर समय से महाविद्यालय पहुंचे और मोबाइल प्राप्त किया। बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में मोबाइल वितरण कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर उन्होंन कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए नई शिक्षा नीति लेकर आयी है। कहा कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य हैं, इसलिए इन्हें सही मार्ग दर्शन की जरुरत है। बदलते जमाने के साथ अब बहुत कुछ बदल गया है, हर कार्य मोबाइल और लैपटाप पर किया जा रहा है। इसी गरज से छात्र छात्राओं को भी मोबाइल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य के लिए तेजी से कार्य कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विपिन बिहारी पांडेय, नगर पंचायत मटोंध के चेयरमैन सुधीर सिंह ,ओंकार सोनी आदि मौजूद रहे हैं। छात्र छात्राओं को मोबाइल वितरित किए गए।

**लचर व्यवस्था** कांशीराम कॉलोनी के निवासी सीवर लाइन जाम होने से पाइप काटकर बहा रहे गंदगी, गर्मी के दिनों में दुर्गन्ध के चलते खिड़की दरवाजे खोलना हो जाता है मुश्किल

# कांशीराम कॉलोनियों में अव्यवस्थाओं को देख फ्लैट छोड़कर भाग रहे लाभार्थी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई कांशीराम कलोनियां में रहने वाले लोगों का बुरा हाल है। कालोनी के लाभार्थियों को आवंटित कर दी गई, लेकिन उन्हें कोई सुविधाएं न मिलने से यहां के बाशिंदे कालोनी आवंटित होने के बाद भी छोड़ छोड़ के भाग रहे हैं। कलोनियों के शौचालय जाम होने से दो और तीन मंजिला में रहने वाले लोग शौचालय का पाइप तोड़कर गंदगी फैला रहे हैं, जिससे शौचालय टेंक में जाने वाले गंदगी टूटे पाइपों से नालियों में बह रही है, इससे दुर्गन्ध के चलते यहां पर रहने वाले लोगों का बुरा हाल है। गर्मी के दिनों में लोग दुर्गन्ध के चलते घरों के दरवाजे और खिड़की तक नहीं खोलते हैं।

गौरतलब है कि मायावती शासनकाल में कांशीराम कलोनियों का खजुराहो रोड पर बिच्छू पहाड़ी के पास, राठ रोड पर दूर संचार केंद्र के पास, बांदा रोड पर बीएसए कार्यालय के पीछे और कलेक्ट्रेट रोड पर 2009 में निर्माण कराया गया था। इसके बाद कालोनियों का आवंटन भी कर दिया गया था। कांशीराम कलोनी में रहने वाले लोगो के लिए बिजली, पानी, सड़क और शौचालय की व्यवस्था की गई थी। कलोनियों में बड़ी बड़ी पानी की टंकियां बनाकर कनेक्शन दिए गए थे। बटन दबाते ही कालोनियों की टंकियां भर जाती थी। बिजली बिल भी कोई मांगने नहीं पहुंचता था। प्रतिदिन कालोनियों में साफ सफाई होती थी, जिससे चमाचम रहती थी, लेकिन मायावती सरकार जाने के बाद कालोनियों का कोई पुरसाहाल नहीं है। स्थिति यह है कि यहां पर बिछाई गई पाइप लाइनें जाम हो गई, टंकियों में भरने वाला पानी भी अब नहीं पहुंचता है। शौचालय के पाइप जाम हो जाने से यहां पर ग्राउड फ्लोर में रह रहे बाशिंदों को शौचक्रिया के लिए बाहर जाना पड़ता है, जबकि ऊपरी मंजिलों में रहने वाले लोगों ने शौलाचय के पाइप जाम हो जाने पर बीच से पाइप तोड़ दिए हैं, जिससे गंदगी नालियों में बह रही है। कालोनियों में पानी भरने की व्यवस्था न होने से ऊपरी मंजिल में रहने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोग हैंडपंपों से पानी भरकर दो और तीन मंजिल में ले जाते हैं, जिससे उनके सामने समस्या बढ़ गई है। लोग पहले हैंडपंप चलाते हैं इसके बाद चालीस चालीस सीढ़ियां चढ़कर पानी ऊपर ले जाना पड़ता है, जिससे यहां के बाशिंदों की हालत खराब हो जाती है। कालोनियों के शीशे और खिड़कियां टूटी पड़ी हैं। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी महीने में बमुश्किल से एक बाद सफाई करने को जाते हैं, जिससे नालियों में भरी गंदगी की दुर्गन्ध से यहां निवास कर रहे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

**बिना आवंटन कराए फ्लैट में रह रहे दबंग**

कलोनी में बढ़ती अव्यवस्थाओं और पानी, सफाई की समस्या से आजिज आकर कालोनी से किनारा कर गए आवंटियों के फ्लैट में दबंगों ने कब्जा कर लिया है और धड़ल्ले से रह रहे हैं, वहीं कुछ खाली पड़े फ्लैटों पर नगर पालिका ने भी लोगो को रहने की हरी झंडी दे दी है, जिससे कांशीराम कालोनियां तो आबाद हो गई, लेकिन वहां पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला बना हुआ है। बिजली जाने पर बिजली विभाग के कर्मचारी दो दो दिन तक बिजली ठीक करने नहीं जाते हैं, जिससे मजबूरी में लोगों कोक पैसा देकर प्राइवेट तौर पर बिजली व्यवस्था बहाल करानी पड़ती है।



बिना रंगाई पुताई के खड़ी कांशीराम कालोनी। अमृत विचार

**15 साल से कालोनियों की नहीं कराई गई रंगाई पुताई**

वर्ष 2009 में कांशीराम कालोनी लाभार्थियों को रंगाई पुताई के बाद आवंटित कर दी गई थी। चमाचम कालोनी पाकर यहां के बाशिंदे भी काफी खुश थे। मायावती शासन में सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई करने आते थे। ओवरहेड टैंक से फ्लैट में सीधी पानी की सप्लाई होती थी, लेकिन अब यह सब गुजरे समय की बात हो गई है। कांशीराम कालोनियां पूरी तरह से उपेक्षित पड़ी हुई हैं, स्थिति यह है कि सीवर लाइन जाम होने पर शिकायत के बाद भी अधिकारी कोई ध्यान नहीं देते हैं। उल्टा यहां पर बिना कालोनी आवंटित कराए रह रहे दबंग यहां के गरीबों को आएदिन हड़काते रहते हैं।



टूटे पाइप जहां से बहाई जाती है गंदगी।

# 14 दिनों में 25 लाख भक्तों ने किए दर्शन, आया करोड़ों का दान

विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 14 दिनों में 25 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर 11 करोड़ रुपये से अधिक दान किया है। इसके अलावा दानपात्रों में एक करोड़ रुपये से अधिक नकद चढ़ावा मिला है। भक्तों ने सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी चढ़ाएं हैं। चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। विदेशों से भी भक्त ट्रस्ट के खाते में दान कर रहे हैं।

चढ़ावा राशि की काउंटिंग टीम के सूत्रों के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के संरक्षण में ट्रस्ट के प्रतिनिधि गोपालजी, परिसर प्रभारी राम शंकर, कैश प्रभारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और स्टेट बैंक के 15 कर्मचारियों की टीम ने सीसीटीवी की निगरानी में राममंदिर में 'बालक राम' के सामने रखे छह दान पात्रों में चढ़ावे की धनराशि की गिनती शनिवार रात शयन आरती के बाद शुरू की गई। जो रविवार सुबह करीब चार बजे तक चली।

गणना में एक करोड़ से ज्यादा की चढ़ावा राशि दानपात्रों में नकद मिली। इसके अलावा बड़ी संख्या में सोने-चांदी और अन्य धातुओं के जेवर भी मिले। चढ़ावा राशि और भेंट के सामान को मंदिर परिसर के काउंटिंग रूम में बने चेस्ट में रखवा दिया गया है। भारी भीड़ के चलते प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से इन बड़े आकार के दान पात्रों को दान की राशि की गिनती के लिए नहीं खोला गया था।

मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। भव्य मंदिर के गर्भगृह में जहां बालक राम विराजमान हैं, उनके सामने दर्शन मार्ग के पास रखे दानपात्रों में श्रद्धालु सीधे चढ़ावा राशि प्रभु श्रीराम को अर्पित कर रहे हैं। साथ ही 10 कंप्यूटराइज्ड काउंटर पर भी लोग दान की राशि जमा करते हैं। दान काउंटर पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी नियुक्त हैं, जो शाम को काउंटर बंद होने पर मिली दान राशि का लेखा-जोखा ट्रस्ट कार्यालय में जमा कर देते हैं। इन काउंटरों पर भी 11 करोड़ रुपये से अधिक का चढ़ावा भक्तों ने चढ़ाया है।



**राममंदिर**

- दानपात्रों में आए रुपयों की हुई गिनती, सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी मिले
- 26 जनवरी को 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

**01** करोड़ से ज्यादा नकद मिले, चेक और ऑनलाइन से भी मिले करीब 3.50 करोड़

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 को सर्वाधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से अब तक 25 लाख से अधिक भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसमें प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो पांच लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिन्हें देर रात तक दर्शन-पूजन किया। इसके बाद 26 जनवरी को 3.50 लाख और 28 जनवरी को 3 .25 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद औसतन दो लाख रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

## एक नजर

### मारपीट का केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के दौतरा गांव निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की वह अपने पुत्र के साथ अपनी पुश्तैनी जमीन देखने गए थे। तभी पता चला की विपक्षी मेरे बाग में पेड़ काट रहे है। पेड़ काटने से मना किया तो गांव के ही ब्रजराज सिंह, रामेंद्र सिंह, ज्ञानेस्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह, शैलेश सिंह व अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मुझे व मेरे बेटे को गाली देते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। कोतवाल ने बताया की तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक को भेजा जेल

**लालगंज,रायबरेली।** पुलिस ने मादक पदार्थों के खरीद फरोक्त करने वाले मटेहना निवासी युवराज उर्फ सोनू पुत्र राकेश को जेल भेजा है। उसके पास से 1250 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद हुआ है। उसके खिलाफ पहले से लूट, अवैध असलहा रखने सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। युवराज को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल सहित उपनिरीक्षक मिठाई लाल यादव ,सूर्य प्रताप सिंह सिपाही जितेंद्र शामिल रहे।

### गोवंश को बचाने में पेड़ से टकराई जनरथ बस

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में गोवंश को बचाने के चक्कर में रोडवेज की जनरथ बस एक पेड़ से टकरा गई। घटना के बाद बस का अगला हिस्सा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद आसपास हड़कंप मच गया। चीख पुकार पर स्थानीय ग्रामीणों ने पहुंच कर घायलों को बाहर निकाला।

# पीएफ भुगतान की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने काटा हंगामा

उरई (जालौन)

- सम्बंधित अधिकारियों पर लगाया करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद उरई में आज सोमवार को पीएफ भुगतान को लेकर नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों ने भ्रष्टचार में लिप्त अधिकारियों को कमरे में बंद करके हंगामा काटते हुए सफाई कर्मचारियों का पीएफ भुगतान की जमकर मांग उठाई। पीएफ भुगतान को लेकर सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री बृजेश बाल्मीकि, सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष बाल्मीकि, बब्लू, हरीसिंह बाल्मीकि, धीरेंद्र बाल्मीकि सहित दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने पालिका परिषद उरई में हंगामा काट दिया।

इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री बृजेश बाल्मीकि एवं सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष बाल्मीकि का आरोप है कि लगभग दस एवं बारह कर्मचारियों की मौत हो गयी इसके बाद भी उनके परिजनों को आज तक पीएफ का भुगतान पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया। जिसका मुख्य कारण यह बताया कि मृतक कर्मचारियों के खाते में वारिस तक दर्ज नहीं किया गया। पीएफ का लगभग ढाई करोड़ रुपया बकाया है। जिसको पटल पर बैठे कर्मचारी हजम कर गये।

जिनमें सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश, राघवेन्द्र मिश्रा एकाउंटेंट, अरुण सेंगर अतिरिक्त एकाउट इंचार्ज ने सफाई कर्मचारियों का पीएफ तो काटा जिसका कोई हिसाब किताब पालिका में तैनात बाबुओं के पास नहीं है। शासन पैसा भेजता है। 2018 से हम लोगों का पैसा जमा नहीं किया गया है। सफाई कर्मचारियों साथ छल कपट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समय पालिका में 258 सफाई कर्मचारी तैनात है। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों का पीएफ भुगतान के मामले की शिकायत शासन एवं प्रशासन तक की गयी मगर कुछ नहीं हुआ।

### चोरी की घटना का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बीते दिनों हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को दबोचा है। उसके पास से चोरी के सामान बरामद करते हुए जेल भेजा है। मामला क्षेत्र के गढ़ी मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव का है। गांव निवासी बिट्टन देवी के घर में 29 जनवरी की मध्यरात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना में चोरों ने नकदी समेत आभूषण उठा ले गए थे। पीड़िता ने कोतवाली में चोरी का केस दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस घटना के अनावरण का प्रयास कर रही थी। सोमवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव के ही गोलू को गिरफ्तार किया। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया चोरी के मामले में गोलू को जेल भेजा गया है। उसके पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया है।

## सार-संक्षेप

### एसपी के आदेश पर पुलिस ने की बैंकों में सघन चेकिंग



**उरई जालौन।** जिले में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु पुलिस कप्तान के आदेशानुसार सभी एसएचओ, व थानाध्यक्षों ने अपने अपने थाना थाना क्षेत्रो में बैंको में जाकर सघन चैकिन की और सुरक्षा व्यवस्था की जाय। प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना/चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले बैंकों/एटीएम एवं विभिन्न वित्तीय संस्थानों में चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहा है या नही शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया ।

### बीडीओ मानूलाल ने संभाला कोंच ब्लॉक का कार्यभार



**कोंच,जालौन।** नवांगतुक खंड विकास अधिकारी मानूलाल यादव ने सोमवार को कोंच विकास खंड कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही उन्होंने स्टाफ के लोगों के साथ परिचय बैठक की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिलाना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी को आपसी सहयोग से काम करने के लिए कहा गया है। नवांगतुक बीडीओ मानूलाल मूलरूप से जनपद फतेहपुर के रहने वाले हैं। इससे पहले वह कानपुर नगर व इटावा जनपद में पदस्थ रह चुके हैं। जनपद जालौन में उनकी यह दूसरी पोस्टिंग है। इस दौरान एडीओ पंचायत नरेश दुवे, एडीओ आईएसबी देवेंद्र सिंह निरंजन, जेई एमआई विजय बहादुर, जेई आईडी सुरेश कुमार पवन आदि विभागीय लोग मौजूद रहे।

### डग्गामार वाहन चालकों ने अस्पताल में जमा रखा है कब्जा

**उरई (जालौन)।** मुख्यालय स्थित पुरुष जिला चिकित्सालय उरई के मुख्य गेट के दोनों ओर वाहन चालकों ने वाहन खड़े करने का अड्डा बना रखा है। जिसकी वजह से अस्पताल आने वाले मरीजों एवं सरकारी एम्बुलेंस को निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बताते चले कि जिला अस्पताल गेट के अंदर सड़क के दोनों ओर वाहनों को खड़ा कर आम जनता के आवागमन में बाधा डालने का काम किया जा रहा है। इसके बाद भी अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही करने से कतराते हुए देखे जा रहे है। अब नवागंतुक सीएमएस डॉ. जे.जे. राम अस्पताल परिसर के अंदर खड़े होने वाले वाहनों के चालकों पर क्यों कार्यवाही अमल में लाते है यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा।

### गैरेज में खड़ी गाड़ी से सीओ सदर का कीमती चश्मा गायब

**उरई (जालौन)।** गिरजा शंकर त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी नगर उरई शहर के बजरियां स्थित बुंदेलखंड गैरेज पर नगर क्षेत्राधिकारी उरई की गाड़ी सर्विस के लिए गयी थी। सूत्रों की अगर मानें तो क्षेत्राधिकारी की गाड़ी के अंदर हजारों रुपये का चश्मा रखा हुआ था जो गैरिज के अंदर खड़ी गाड़ी से गायब हो गया। जब गाड़ी सर्विस के बाद वापस आई तो देखा कि क्षेत्राधिकारी का कीमती चश्मा गायब था। क्षेत्राधिकारी को गाड़ी से चश्मा गायब होने की भनक लगते ही चश्मे की खोजबीन के लिए गैरिज मालिक तथा तीन अन्य को पुलिस गैरेज से लेकर आयी जिनसे चश्मे के बारे पुलिस पूछताछ कर रही है। फिलहाल अभी तक क्षेत्राधिकारी का चश्मा बरामद नहीं हो सका है। ताहिर गैरेज मालिक का कहना है कि क्षेत्राधिकारी नगर की गाड़ी का काम होने के लिए तीन दिन पहले गाड़ी गैरेज पर आई थी। मगर सीओ साहब का गाड़ी में रखा चश्मा हम लोगों को पता नहीं है। जिसकी पूछताछ के लिए गैरेज के तीन कर्मचारी एवं मुझे स्वयं भी बुलाया गया था।

### पेयजल व विद्युत पोल लगवाये जाने की मांग

**उरई (जालौन)।** नगर पालिका परिषद उरई के बार्ड-7 शांतिनगर के कांग्रेस सभासद माताप्रसाद अहिरवार ने मुहल्ले के लोगों की समस्या को देखते हुए वार्ड में पेयजल एवं विद्युत पोल लगवाये जाने की मांग प्रशासन से की है। बार्ड सभासद माताप्रसाद अहिरवार ने बताया कि ठेकेदार समाधियां जो कि नगर पालिका परिषद उरई के ठेकेदार हैं जिन्होंने पानी की लाइन तो बिछायी है मगर मुहल्ले में कनेक्शन नहीं दे रहा है जिससे पीने के पानी की किल्लत लोगों को उठानी पड़ रही है। इसके अलावा लाइट के खम्मे तथा पानी के कनेक्शन करवाये की मांग प्रशासन से उठाई है उन्होंने बताया कि सरकारी हैण्डपम्प जो लगे हैं वह खराब है। जिसकी बजह से मुहल्ले के लोगों को पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी से सप्लाई चालू ठेकेदार द्वारा नहीं की जा रहा है जबकि मुहल्ले के लोग कनेक्शन लेने को तैयार है। उन्होंने मांग की है नलकूप से पेयजल की सप्लाई और विद्युत पोल लगवाये जाये जिससे मुहल्ले के लोगों की समस्या दूर हो सके।

### जिलाधिकारी से की धोखाधड़ी की शिकायत

**उरई (जालौन)।** सिहारी दाउदपुर जनपद जालौन निवासी रामश्री पत्नी गजराज सिंह कुशवाहा ने आज सोमवार को पूर्व प्रत्याशी कालपी सुन्दर सिंह दीवान, लोकेंद्र सिंह, खेमराज वर्मा, रविन्द्र कुमार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थिनी ने वर्ष 2018 में मौजा उरई-मबई रोड पर 3042 रजि. प्लाट दिग्विजय पुत्र महेन्द्र सिंह ग्राम कैंथ हाल निवास रामेश्वर चौराहा पटेल नगर उरई से लिया था प्लाट खरीदने के पश्चात तहसील उरई से दाखिल खारिज भी करा लिया था। आरोप है कि 20 जनवरी 2024 प्रार्थिनी अपने प्लाट पर गई तो उपरोक्त दबंग दिग्विजय सिंह व उसका भाई राघवेन्द्र सिंह गुर्जर अपने 4 अन्य साथियों के प्लाट पर पहुंचकर प्रार्थिनी को गंदी-गंदी गालिया देने लगा और बोला ये प्लाट तुम्हारा नही है अगर कब्जा करने की हिम्मत की तो जान से मार दूंगा। आरोप है कि हम क्षत्रिय वंश के लोग है मेरा इतिहास उठा कर देख लेना। मुझे तुमसे पैसा लेना था तुम्हे मूर्ख बनाना था वह मैंने ले लिया। जबकि प्रार्थिनी के पास प्लाट की रजिस्ट्री व दाखिल खारिज व दिग्विजय सिंह गुर्जर को दिये हुए पैसों का पूरा ब्यौरा है उक्त लोग बहुत दबंग किस्म के लोग है हमेशा जान से मारने की धमकी देते है। जबकि प्रार्थिनी का प्लाट पर पिलर भर कर कब्जा भी किया जा चुका है। लेकिन प्रार्थिनी डर के कारण अपना मकान नही पा रही है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग उठाई है कि दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलवाया जाये।

### सुपरफ़ास्ट ट्रेनों का ठहराव न होने से यात्री परेशान

**कालपी (जालौन)।** जालौन के ऐतिहासिक नगर कालपी रेलवे स्टेशन में सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव ना होने के कारण नगर व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को सुपरफास्ट ट्रेनों से यात्रा करने के लिए अन्य शहरों उरई या पुखरायां जाना पड़ता है। वहीं दूसरे शहरों में कोचिंग/कॉलेज जाने वाले छात्र छात्राओं, अप डाउन करके नौकरी करने वाले युवाओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। झाँसी कानपुर रुट पर रेलवे लाइन दोहरीकरण के कार्य को लगभग एक वर्ष बीत चुका है परंतु बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में सुपरफ़ास्ट ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं किया गया। जिन मेल ट्रेनों का यहां ठहराव है भी तो उन्हें रद्द कर दिया जाता है या उनके रुट में बदलाव कर दिया जाता है तो यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि निम्लिखित में से कुछ सुपरफ़ास्ट ट्रेने राप्ती सागर एक्सप्रेस , गोरखपुर पनवेल, पुष्पक एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस रुकने लगें तो कालपी के यात्रियों को सुविधा हो जाएगी इसके साथ - साथ रेलवे को भी लाभ होगा।

# परिवहन विभाग ने वाहन चालकों को किया जागरूक

उरई (जालौन)



**अमृत विचार।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में आज ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आटा टोल प्लाजा के प्रबन्धक सतेन्द्र चतुर्वेदी व टोल प्लाजा के कर्मचारियों के संयुक्त सहयोग से आटा टोल प्लाजा पर एवम् राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा कालपी के प्रमुख स्थलों पर निजी दो पहिया, चार पहिया वाहन के चालकों व व्यवसायिक वाहन के चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में दो पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनकर व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाने का अनुरोध किया गया कि ''दुघर्टना से अगर रखना है दूरी, तो हेलमेट है सबसे जरुरी'' ''वाहन नियन्त्रित गति में चलायें, जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभायें'' ''चलायें आप कोई भी वाहन, सदैव यातायात नियमों का करें पालन''। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि वे नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, वाहन ओवर स्पीड में न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढ़ोये।

उक्त कार्यक्रम में समस्त निजी दो पहिया, चार पहिया वाहन के चालकों व व्यवसायिक वाहन के चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी व चालकों को फूल देकर व माला पहनाकर संकल्प दिलाया गया कि-''यातायात नियमों का पालन करने का लें सकल्प, सड़क सुरक्षा का नहीं है कोई दूसरा विकल्प''। अन्त में सभी लोगों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाई गई।

# रामनवमी मेले से पहले चौड़ा होगा रेलवे स्टेशन का मार्ग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** रामनगरी श्रद्धालुओं बढ़ती आमद को देखते हुए रामपथ से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन जोड़ने वाले मार्ग के चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस मार्ग को 21 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसको लेकर लोगों ने चौड़ीकरण की जद में आ रहे हिस्से को स्वयं ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। मार्ग पर 50 से अधिक दुकानें, छह धर्मशाला और 24 भवन प्रभावित हो रहे हैं।

धर्मपथ, रामपथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ निर्माण के बाद अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन मार्ग के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण का काम तेज हो गया है। चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण की जद में आने वाले भवन स्वामियों को दिसंबर माह में जिला प्रशासन ने क्षतिपूर्ति की धनराशि दे चुका है। इसके बाद जिला प्रशासन ने बीते माह चौड़ीकरण की जद में आने वाले हिस्से को स्वयं तोड़ने समय देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि समय से स्वयं ध्वस्तीकरण का नहीं किया गया तो जेसीबी से इसे गिरा दिया जाएगा। जिला प्रशासन की चेतावनी के बाद लोगों ने स्वयं इसे तोड़ना शुरू कर दिया है।

# हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता, रायबरेली

**फैसला**

- ऑनर किलिंग का मामला

**अमृत विचार।** कोर्ट ने करीब चार साल पहले सलोन थाना क्षेत्र में हुए ऑनर किलिंग के एक मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या एक के अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार यादव ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) दिनेश बहादुर सिंह के मुताबिक मामले की रिपोर्ट सलोन थाना क्षेत्र के इच्छवापुर मजरे गढ़ी इस्लामनगर निवासी संदीप ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वादी ने गांव की अंजू से प्रेम विवाह किया था। जिससे अंजू के परिजन नाराज थे। करीब छह साल बाद वादी पत्नी को लेकर लुधियाना से गांव वापस आया। वादी की पत्नी अंजू दो सितंबर 2019 की शाम नित्यक्रिया के लिए गई थी। इसी दौरान पंकज ने कुछ लोगों के साथ मिलकर अपनी चचेरी बहन अंजू की हत्या कर दी।

पुलिस ने विवेचना के बाद पंकज कुमार वर्मा के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की।

# छत्तीसगढ़ से लखनऊ जा रहा पांच करोड़ रुपये के गांजे के साथ दो तस्कर गिफ्तार

- जगतपुर पुलिस और एसओजी के संयुक्त ऑपरेशन में मिली कामयाबी

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** रविवार की रात जगतपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने छत्तीसगढ़ से लखनऊ ले जाई जा रही गांजा की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बरामद किया गया गांजा पांच करोड रुपये कीमत का बताया जा रहा है। पुलिस को यह कामयाबी थाना क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर चांद मऊ तिराहा के पास मिली है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से एक डीसीएम पर गांजा की बड़ी खेप लखनऊ ले जय जा रही थी।





पुलिस द्वारा बरामद किया गया गांजा और घटना की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान डीसीएम से कुल करीब पांच क्विंटल गांजा बरामद हुआ है। बरामद गांजा का सही वजन 494 किलोग्राम बताया जा रहा है, जिसकी बाजार में कीमत पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए लोगों ने बताया कि उन्हें छत्तीसगढ़ में एक व्यक्ति मिला था, जिससे उन्हें यह गांजा प्राप्त हुआ था। बेचने के लिए डीसीएम द्वारा लखनऊ ले जा रहे थे।

### मछली के आहार में छिपा था गांजा

तस्कर जिस डीसीएम से गांजा की तस्करी कर रहे थे, उसमें मछली का दाना लदा हुआ था। इसी दाने में छिपाकर गांजा रखा गया था। पुलिस ने जब डीसीएम की तलाशी ली तो उन्हें गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने इसके साथ हरीश गुप्ता निवासी गिलौला बाजार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती और मनोज कुमार निवासी चंदरांवा थाना विशेषरगंज जिला बहराइच को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि जगतपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी सफलता हासिल की गई है। जिसमें पांच करोड रुपए की कीमत का गांजा बरामद हुआ है।

# गोल्डन कार्ड में लापरवाही 30 कर्मियों का रोका वेतन

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने पर सीएचसी अधीक्षक ने 30 कर्मियों का वेतन रोक दिया है। साथ ही चेतावनी देते हुए निर्धारित समय पर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा है। गौरतलब है कि सरकार की ओर से पात्र परिवारों को गोल्डन कार्ड प्रमुखता से बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद इसमें आशानुरूप तेजी नहीं आ रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. तारिक इकबाल ने समीक्षा की तो कई कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ गई। उन्होंने 30 कर्मचारियो का वेतन रोकते हुए चेतावनी दी है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीह शारदा प्रसाद ने बताया कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की गई है। इसमें 15 एएनएम, 9 सीएचओ और 6 संगिनी का वेतन रोका गया है। इन कर्मचारियों द्वारा शासन की प्राथमिकता वाले कार्य में लापरवाही बरतने के परिपेक्ष्य में कार्रवाई की गई है। साथ ही चेतावनी की गई है कि भविष्य में ऐसी पुनरावृति न की जाए। जिलाधिकारी के आदेशानुसार उक्त कर्मचारियो को प्रतिदिन कम से कम 20 कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसको पूर्ण न करने पर यह कार्रवाई की गई है।

### सड़क पर शव रखकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्राह्मणों का नदौरा निवासी रामकुमार शुक्ला की पुत्री ममता तिवारी का विवाह करीब 15 साल पहले सलोन कोतवाली क्षेत्र के गांव पटकापुर मजरे रामपुर कसिहा निवासी बृजेश तिवारी से हुई थी। घटना 3 दिन पहले की है। बताया जाता है कि संदिग्ध परिस्थितियों में ममता की मौत हो गई थी। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि मृतका का पति उसे आए दिन प्रताड़ित करता था। घटना के दिन भी उसने मृतका के साथ मारपीट की थी। जिसके कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी। केवल शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। शव यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। शव यात्रा जब क्षेत्र के चड़रई चौराहा से आगे बढ़ी तो अचानक ग्रामीण आक्रोशित हो गए और शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया जिससे आवागमन बाधित हो गया था।

# पुलिस लाइन में महिला टी-20 लीग चैंपियनशिप का मुकाबला शुरू

उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन द्वारा उत्तर प्रदेश महिला टी 20 लीग चैंपियनशिप शुरू हो गया है, जिसमें जालौन जिले के अलावा प्रदेश के कई जिलों की अंडर 23 की महिला टीम भाग ले रही हैं, उरई पुलिस लाइन ग्राउंड पर पहली बार आयोजित 6 दिवसीय महिला T20 टूर्नामेंट 5 फरवरी से शुरू होकर 11 फरवरी तक चलेगा जिसमें कानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, उन्नाव, लखनऊ और जालौन की महिला टीम भाग ले रही हैं ।

टूर्नामेंट का उद्घाटन 5 फरवरी को डीसीए के मुख्य संरक्षक मुख्य संरक्षक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा उद्धघाटन किया गया, उसके पश्चात खिलाड़ियों से परिचय। बारिश के कारण एक बजे तक इंतजार करने के बाद बीसीसीआई के नियम अनुसार दोनों मैच के लिए चारों टीमों को एक-एक प्वाइंट दिया गया। डीसीए सचिव विकास कुमार शर्मा ने बताया कि यूपीसीए द्वारा अधिकृत महिला टी 20 लीग टूर्नामेंट में सभी रजिस्टर्ड महिला खिलाड़ी भाग ले रही है, ये टूर्नामेंट जिले में पहली बार आयोजित हो रहा है अभी तक जिले में पुरुष खिलाड़ी ही अपनी बल्लेबाजी और बॉलिंग का हुनर दिखाते थे मगर अब महिलाएं भी अपने बल्ले से चौके छक्के, चौके लगाएगी और अपनी गेंदबाजी का प्रदर्शन करेंगी, प्रत्येक दिन दो मैच खेले जाएंगे और प्रत्येक टीम को तीन-तीन मैच खेलने को मिलेंगे इसके लिए दो पूल बनाए गए है दोनों पूलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम 11 फरवरी को फाइनल खेलेगी। संचालन शरद श्रीवास्तव, उद्बोधन यूपीसीए के डायरेक्टर श्याम बाबू, और स्वागत टूर्नामेंट के कनवीनर प्रदीप सियोठिया ने किया, इसके अलावा अन्य मैच का उद्घाटन माननीय जिला जज लल्लू सिंह, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार उद्घाटन करेंगे।



इस मौके पर एडीएम एफ.आर, डीसीए उपाध्यक्ष सुरेश निरंजन भैया जी, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, हाई कोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, संयुक्त सचिव विनय कुमार सिंह, हरेंद्र विक्रम सिंह, डीसीए के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट राजेंद्र लल्ला, उदयवीर सिंह, शरद श्रीवास्तव, डॉ राकेश रंजन शर्मा के अलावा रिक्की सिंह, सचिन पाटकर, राजकुमार, कमल सैनी, अनिल कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

